खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 129 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने विदेशी दबाव में रोका

**मुंबई, वार्ता**



- **कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे: प्रधानमंत्री**
- **पीएम ने केंद्र की मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया**

**प्रधानमंत्री मोदी** ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितम्बर को चिदंबरम ने कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे। साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका। गरीब हो मिडिल क्लास हो इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना, उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुई उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे, मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं, स्वदेशी को अपनाएं। स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

# आजम खां के दर पहुंचे अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को आजम खां से मिलने उनके घर पहुंचे। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर बुधवार को लगभग 1.00 बजे जौहर यूनिवर्सिटी उतरा।

आजम खां ने अखिलेश यादव का स्वागत किया, इसके बाद आजम खां अखिलेश यादव एक गाड़ी में बैठकर आजम खान के घर पहुंचे, जहां लगभग 2 घंटे तक आजम और अखिलेश की मुलाकात चली, इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पुराने लोग, पुराने समाजवादी जो नेताजी के साथ के हैं और जो नेता जी के साथ हैं, उनकी बात ही अलग होती है। उन्होंने कहा 2027 में सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी। अखिलेश ने कहा कि आज मैं आजम खां साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल में मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो सुप्रीम कोर्ट में हुआ है यह समाज में कहीं ना कहीं एक संदेश जा रहा है, यह पीडीए के लोग कहीं बैठे हों, जीवन में कहीं न कहीं अपमानित होते है, यह मैं पहली बार नहीं कह रहा हूं, एक बार विधानसभा में मैंने यह बात उठाई थी, जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुसलमान भाई, आदिवासी जो पीडीए परिवार है जो एक सूत्र में बना हुआ है, अपनी पीड़ा से वह अपमान महसूस करता है और इस सरकार में अपमानित हो रहा है। अखिलेश से नाराजगी को लेकर आजम खां ने मीडिया से कहा कि यह सूचना मिली कहां से, आपको कि मैं अखिलेश से नाराज हूं, अखिलेश ने कहा कि आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं। अखिलेश ने कहा कि आजम खां पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजम खां यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक पुस्तक के अपमान के आरोप में एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सांबा जिले में एक धार्मिक पुस्तक के अपमान के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि सांबा जिले के राम कौलपुर निवासी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला नामक व्यक्ति को एक धार्मिक पुस्तक को जलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### आजम से मुलाकात अखिलेश की सियासी मजबूरी : राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जेल से जमानत पर छूटे आजम खान से मुलाकात करना सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीतिक मजबूरी है। जेल में रहने के दौरान 23 महीने तक अखिलेश ने आजम से एक बार भी मिलने नहीं गए, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद उन्हें याद आ गए।

### एसआईए की कश्मीर में छापेमारी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कश्मीर के कई जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से एसआईए की टीमों ने आज सुबह कई जगहों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ये छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच का हिस्सा हैं। अभी तक किसी को हिरासत में लिए जाने की सूचना नहीं है।

# वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के बाद बहाल

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा आज फिर से बहाल हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद रोकी गई यात्रा बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, सभी यात्रा पंजीकरण काउंटर 08 अक्टूबर 25 को सुबह 6 बजे से चालू रहेंगे। पोस्ट में आगे लिखा गया कि श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। मौसम विभाग द्वारा पांच से सात अक्टूबर तक जारी खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित रही। इस बीच मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर सेवा भी सुचारू रूप से जारी है।

श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिष्ठ के कारण 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए।

## एयर इंडिया का ताइवान की एयरलाइंस से इंटरलाइन करार

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ताइवान की स्टारलक्स एयरलाइंस से इंटरलाइन भागीदारी का करार किया है।

एयर इंडिया ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से उसके यात्रियों के लिए एक ही टिकट पर एयर इंडिया और स्टारलक्स की उड़ानों से ताइपेई की यात्रा संभव हो सकेगी। यात्रियों के पास एयर इंडिया की उड़ान से हांगकांग, बैंकॉक, सिंगापुर या क्वालालम्पुर जाकर वहां से स्टारलक्स की उड़ान से ताइपेई जाने का विकल्प होगा। उन्हें एक ही टिकट लेनी होगी। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से स्टारलक्स के ग्राहक एयर इंडिया की उड़ानों से एक ही टिकट पर भारत आ सकेंगे।

# यूपी में अपनी खोई जमीन तलाशेंगी मायावती

## आज लखनऊ मे होगा कांशीराम की पुण्यतिथि पर शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इस महापर्व में बसपा के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन के जरिये 2027 विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खोए जनाधार को वापस पाने की संभावनाएं तलाशेंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि में भाग लेने के लिए बसपा कार्यकर्ता मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि पार्टी प्रमुख मायावती कांशीराम स्मारक परिसर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए किस रणनीति और जीत के फॉर्मूले का अनावरण करेंगी। इस महापर्व में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की मौजूदगी ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। दरअसल 2012, 2017 और 2022 के लगातार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद बसपा प्रमुख एक जीत के फॉर्मूले की तलाश में हैं, ताकि राज्य की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें। 2012 में राज्य की सत्ता गंवाने के बाद, मायावती विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विभिन्न जातिगत समीकरणों पर काम कर रही हैं, लेकिन इससे बसपा के लिए सत्ता का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। बल्कि, लगातार चुनावों में बसपा का समर्थन आधार और वोट शेयर घटता ही जा रहा है।

### सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को जिंदा करेगी बसपा

**लखनऊ।** लंबे अंतराल के बाद बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर गुरुवार को पार्टी के समर्थकों से रूबरू होंगी। इस दौरान मायावती शक्ति प्रदर्शनन के जरिये बसपा को बी टीम बताने वाले विपक्ष को न केवल अपनी ताकत का अहसास कराएंगी, बल्कि मिशन 2027 का आगाज भी करेंगी। सर्वजन सुखाय- सर्वजन हिताय को लेकर मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर से रैली के जरिये सोष्ठाल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर चलते हुए मतदाताओं के बीच पहुचने की कोशिश करेंगी।

## रायबरेली में दलित की हत्या पर राहुल गांधी और खड़गे का हमला

# मॉब लिंचिंग व बुलडोजर आज की पहचान

**नई दिल्ली, वार्ता**





रायबरेली में एक दलित की हत्या को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर अन्याय और भीड़तंत्र आज की पहचान बन चुकी हैं। कांग्रेस के दोनो नेताओं ने दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या को इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। वह लिखते हैं कि देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम और क्रूर हत्या की कांग्रेस पार्टी कड़ी से कड़ी निंदा करती है। हमारे देश में एक संविधान है, जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है, एक कानून है, जो हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और उसकी अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। जो रायबरेली में हुआ, वह इस देश के संविधान के प्रति घोर अपराध है, दलित समुदाय के प्रति अपराध है और इस देश व समाज पर कलंक है। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध हों, रायबरेली में हरिओम की हत्या कुछ समय पहले रोहित वेमुला की संस्थागत हत्या। मध्य प्रदेश में एक नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की निर्मम पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और यूपी के अखलाक की हत्याप्रशासन और सत्ताधारी शक्तियों की बढ़ती संवेदनहीनता का दर्पण है। कांग्रेस पार्टी समाज के वंचित और कमजोर तबकों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अन्याय के विरुद्ध एकजुट हों। यह लड़ाई तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक हर भारतीय के अधिकारों और जीवन की गरिमा को पूर्ण सुरक्षा नहीं मिल जाती।

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले के विरोध में पूरे यूपी में 'आप' करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के मुख्य न्यायाधीष्ठा पर जूता फेंकने की घटना की भर्त्सना करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 अक्टूबर को पूरे उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस दौरान कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना भारतीय जनता पार्टी और उसके नकरती तंत्र को बर्दाशत नहीं हो रहा है। यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। भारत के सीजेआई का अपमान हुआ है, क्योंकि आरएसएस और बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों मुसलमानों से नफरत करती है।

# योगी ने राममंदिर पहुंच की ट्रस्ट के साथ मंत्रणा

**अयोध्या, वार्ता**



■ रामलला के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर बने आदित्य भवन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासर्. चव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र एवं राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में मंत्रणा की। उन्होंने श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अयोध्या आगमन पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर उतरा जहां उनका स्वागत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पर माथा टेककर हनुमंत लला का दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी से मुख्यमंत्री का काफिला सुरक्षा घेरे में क्रॉसिंग 3 से राम मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने विधि विधान से रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया और उपस्थित दर्शनार्थियों को अभिवादन कर श्रमिकों का हाथ उठाकर अभिनन्दन किया।

---

## अर्थ व्यापार



| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81790.12 |
| निफ्टी | 25077.65 |
| सोना रु. | 121799 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| चांदी रु. | 150783 प्रति किलो |

# शेयर बाजार में थमी तेजी, सूचकांक लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



ऑटो, बैंकिंग तथा अन्य सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार दिन की तेजी पर बुधवार को ब्रेक लग गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 153.09 अंक की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 25,046.15 अंक पर आ गया। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स में 600 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 82,257.74 अंक और नीचे 81,646.08 अंक तक गया। आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, तेल एवं गैस सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले दूसरी कंपनियों में अधिक गिरावट देखी गई। निफ्टी-100 में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। मिडकैप-50 सूचकांक 0.74 फीसदी और स्मॉलकैप 0.52 फीसदी टूट गया। एनएसई में कुल 3,207 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,864 में गिरावट और 1,250 में तेजी रही, जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 21 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.41 प्रतिशत गिर गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.91 प्रतिशत, बीईएल में 1.67 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.55 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.46 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.37 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.30, पावर ग्रिड का 1.28, रिलायंस का 1.27, बजाज फिनसर्व का 1.17 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक भी दबाव में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। इंफोसिस का शेयर 2.67 फीसदी, टीसीएस का 1.78, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.34, टेक महिंद्रा का 1.17 और इटरनल का 1.10 प्रतिशत चढ़ गया।

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस में भी तेजी रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.46 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 फीसदी की बढ़त में था।

# सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। रोज नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार बुधवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,21,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 1,50,783 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एमसीएक्स पर चांदी वायदा में भी जोरदार खरीदारी देखी गई। 2,387 रुपये या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 1,48,179 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गई। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 122,220, जयपुर में 122,270, कानपुर में 122,350, लखनऊ में 122,350, भोपाल में 122,450, इंदौर में 122,450, चंडीगढ़ में 122,320 और रायपुर में 122,270 रुपये रहा। पटना में सोना आज सबसे सस्ता मिल रहा है। वहीं सबसे महंगा सोना भोपाल और इंदौर में है। पटना में 10 ग्राम सोने की की कीमत 122,220 रुपये चल रही है। वहीं भोपाल और इंदौर में सोने का दाम 122,450 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# चावल नरम, गेहूं.चीनी मजबूत खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही।

खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी में भी बढ़त देखी गई। विदेश में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 76 रिंगिट चढ़कर 4,546 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.46 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत नौ रुपये घटकर 3,855.21 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव सात रुपये बढ़कर 2,859.58 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 10 रुपये बढ़ी और यह 3,313.25 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 31 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपये और पाम ऑयल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 63 रुपये और सोया तेल छह रुपये रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 10 रुपये सस्ती हुई। अन्य दालों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 15 रुपये और उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई, जबकि चीनी में दो रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। .दाल.दलहन : दाल चना 7908.25 रुपये, मसूर काली 8153.97 रुपये, मूंग दाल 10115.67 रुपये, उड़द दाल 10421.28 रुपये, अरहर दाल 10536.90 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.58 रुपये और चावल 3855.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4319.01 रुपये और गुड़ 5008.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

---

# यूपी के हर जिले में आज से स्वदेशी मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ संस्कृति विभाग के सहयोग से दिखेगा ब्रांड यूपी का दम

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ के लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

मंत्री ने बताया कि इस सफलता को जनता तक पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में 'स्वदेशी मेलों' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने न सिर्फ निवेश और नवाचार के नए अवसर खोले, बल्कि ब्रांड उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 2200 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें सरकारी विभागों, उद्यमियों, निर्यातकों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में 80 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खरीदारों ने हिस्सा लिया, जिससे 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ और लगभग 5 लाख लोगों का फुटफाल दर्ज किया गया। अब हर जिले में 'स्वदेशी मेला' लगेगा। इन मेलों में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े विभागों के साथ-साथ हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि संस्कृति विभाग के सहयोग से मेलों में उत्तर प्रदेश की लोक कला, संगीत और परंपरागत संस्कृति का भी शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्वदेशी मेले का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी सुधारों के रूप में देश को जो दीपावली गिफ्ट मिला है, यह स्वदेशी मेला उसी क्रम का उत्सव है।

# लोग आम खाने के बाद फेंक देते हैं गुठली, बेटियां रहें सावधान: पटेल

**वाराणसी, वार्ता**



■ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बेटियों को लेकर के बड़ी नसीहत दी। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कहा कि अभी लिव इन रिलेशनशिप का चलन है। मत करिए, अच्छे फैसले करिए। मैंने 50-50 टुकड़े कर बीम में भरने वालों को देखा है। पिछले 10 दिन में ऐसी घटनाओं के बारे में सूचना मिली है, जिन्हें सुनकर बेहद दु:ख होता है। यह ऐसा समाज है जो आम खाता है और गुठलियों फेंक देता है, ऐसे में बेटियों को सावधान रहने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि एक हाई कोर्ट के जज ने मुझसे चिंता व्यक्त की। मेरे सामने पास्को एक्ट के बारे में बताया, जो लोग गलत काम करते हैं, वह भाग जाते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैडम एक दो लोग हैं, हमें न्याय भी देना है। समय नहीं है तो हम क्या करें, आप मदद कीजिए। मैंने कहा कि जरूर मदद करेंगे, बोलिए क्या करना है। इस पर जज ने कहा कि एक काम आप ऐड कर दीजिए कि पाक्सो एक्ट में जो बच्ची है, जहां भी रहती हैं उनके लिए क्या करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मैंने सभी यूनिवर्सिटी से जानना चाहा कि इस पर क्या किया जा सकता है, इन बच्चियों तक कैसे पहुंचे। फिर मैंने 40 बेटियों को बंद कमरे में बैठाया, इनमें से चार की बातें सुनी। एक ने कहा कि पिता. जी मुझे प्रताड़ित करते थे। दूसरे ने मामा, तीसरी ने काका और चौथी ने कहा पड़ोसी प्रताड़ित करते थे। बेटियों ने हिम्मत दिखाई वह पुलिस स्टेशन गई और एफआईआर दर्ज की। दोषी लोगों की धर पकड़ हुई और अब वह जेल में है। इसके बाद बाकी बच्चों की बात सुनने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। राज्यपाल ने कहा कि बच्चियों से मिलने के बाद मैंने ऐसी 80 लड़कियों से मुलाकात की, जिन्हें उनके पति ने छोड़ दिया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रॉबिन की गिरफ्तारी में फेल इंस्पेक्टर किठौर और शाहजहांपुर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

## 27 सितंबर को किठौर के भड़ौली गांव में भाजपा के बीडीसी मेंबर की हुई थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र में हुई भाजपा के बीडीसी मेंबर प्रमोद भड़ाना की हत्या के मामले में आरा. ेपी रॉबिन गुर्जर को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुए इंस्पेक्टर किठौर और शाहजहांपुर चौकी इंचार्ज को एसएसपी विपिन ताडा ने बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया। इस मामले में अन्य कुछ पुलिसकर्मियों पर भी गाज गिरने की संभावना है।

- **आरोपी ने वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट में कर दिया था सरेंडर**
- **कुछ अन्य पुलिस कर्मियों पर भी गाज गिरने की संभावना**

बताते चलें कि बीती 27 सितंबर को किठौर थाना क्षेत्र के भड़ौली गांव में भाजपा बीडीसी मेंबर प्रमोद भड़ाना की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी रॉबिन गुर्जर ने दहशत फैलाते हुए प्रधान पति की कार और घर पर भी गोलियां बरसाई थीं। इस मामले में डीआईजी कलानिधि नैथानी ने आरोपी रॉबिन गुर्जर पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस की कई टीमें रॉबिन की तलाश में जुटी थीं। मगर, पुलिस को चकमा देकर 50 हजारी रॉबिन गुर्जर वकील की ड्रेस में कचहरी पहुंचा और सरेंडर कर दिया। वहीं बीते शुक्रवार को कस्बा शाहजहांपुर में एक नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ व मारपीट का वीडियो प्रसारित हुआ था। जिसके चलते थाना पुलिस की काफी फजीहत हुई। इस मामले में एसएसपी विपिन ताडा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर किठौर बृजेश पांडे और शाहजहांपुर चौकी इंचार्ज देवेंद्र गौतम को लाइन हाजिर कर दिया है। चर्चा है कि कई अन्य पुलिसकर्मियों पर भी लापरवाही को लेकर गाज गिर सकती है।



इंस्पेक्टर किठौर बृजेश पांडे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करना पड़ा भारी, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मिशन शक्ति के तहत डीआईजी कलानिधी नैथानी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए थाना प्रभारियों के साथ एक मीटिंग की जिसमें कहा कि मिशन शक्ति की टीम महिलाओं के प्रति उनकी जानकारी ब्लॉक स्तर दी जाएं। बता दें कि जानी थाना पुलिस भी मिशन शक्ति टीम की जानकारी हर गांव हर ग्राम पंचायत में दे रही है जिसका एक्शन भी दिखाई दे रहा है। बुधवार को एक मामला सामने आया जिसमें थाना क्षेत्र के एक गांव में एक आरोपी ने नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी। सूचना पर पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भूरा पुत्र प्रेमराज निवाीस बसा टीकरी के रूप में हुई है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार भूरा काफी दिनों से लड़की को परेशान कर रहा था। लड़की ने वूमेन पावर का इस्तेमाल किया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने आरोपी को चालान कर दिया है।




# इकबाल मलिक बने राष्ट्रीय लोकदल न्याय मंच के जिलाध्यक्ष

## सांसद राजकुमार सांगवान व विधायक गुलाम मोहम्मद ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को राष्ट्रीय लो. कदल सामाजिक न्याय मंच की प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के अनुमोदन पर प्रदेश में जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष घोषित किए। इसी कढ़ी में संगीता दोहरे ने कस्बा लावड़ निवासी समाजसेवी व रालोद के मेहनती कार्यकर्ता व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रहे डॉ. इकबाल मलिक को रालोद सामाजिक न्याय मंच का मेरठ जिला अध्यक्ष घोषित किया। बताया जाता है कि पार्टी के प्रति उनकी



मेहनत और लगन को देखते हुए उन्हें ये महत्वपूर्ण पद सौंपा गया है। उनके मनोनय होने पर काफी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी। इस दौरान इकबाल मलिक ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो विश्वास जताकर उन्हें जिलाध्यक्ष का पद सौंपा गया है वह पूरी ईमानदारी के साथ उसका निर्वहन करेंगे और भारत रत्न एवं पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह जी की रीति ओर नीति को आगे बढ़ाने के साथ-साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अजीत सिंह के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़, सांसद राजकुमार सांगवान, विधायक गुलाम मोहम्मद, आतिर रिजवी, प्रतीक जैन, कुलदीप उज्ज्वल, गौरव जिटौली, नरेंद्र खजुरी, संगीता दोहरे, शबाब आलम, इरशाद रिजवी आदि ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# वी ने व्यापक एआई पावर्ड पहल वी प्रोटेक्ट की घोषणा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने बुधवार को व्यापक एआई-पावर्ड पहल वी प्रोटेक्ट की घोषणा की है, जो वी के उपभोक्ताओं, नेटवर्क एवं उद्यमों के लिए सुरक्षा को सुनश्चित करती है, उन्हें आज के दौर में तेजी से बढ़ रहे स्पैम, घोटालों एवं साइबर हमलों से सुरक्षा प्रदान करती है। इस पहल के तहत वी ने इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (आईएमसी) 2025 में दो शक्तिशाली उपाय पेश किए हैं। एआई पर आधारित वॉइस स्पैम डिटेक्शन सिस्टम तथा इसके कोर नेटवर्क के लिए एआई-उन्मुख नेटवर्क डीफेंस एवं इंसीडेन्ट रिस्पॉन्स। वी प्रोटेक्ट पर बात करते हुए जगबीर सिंह, चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, वी ने कहा कि वी आधुनिक एआई एवं सक्रिय उपायों का उपयोग कर सुरक्षित एवं नेटवर्क को सशक्त बनाता है।

# सपा कार्यालय पर जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर पार्टी की महिला सभा, लोहिया वाहिनी, किन्नर सभा और व्यापार सभा की संयुक्त मासिक बैठक भी हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने की और संचालन चौधरी निरंजन सिंह ने किया। कार्यक्रम में नेताओं ने जयप्रकाश नारायण के जीवन और समाज के लिए उनके योगदान को याद किया। जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने कार्यकर्ताओं से बी.एल.ए. और बूथ कमेटियों को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना जरूरी है। इस दौरान महिला सभा की जिला अध्यक्ष मृदुला यादव, महानगर अध्यक्ष नजमा अब्बासी, शशिकांत



गौतम, मुशीर, किन्नर सभा जिला अध्यक्ष मुन्नी, हिमांशु सिद्धार्थ, एहतेशाम इलाही आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

# मकान की छत पर खड़े युवक ने पड़ोसियों पर फायर करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम दो तीन युवकों ने पड़ोसी युवक पर गाली गलौच करते हुए फायर झोंक दिया जिससे युवक बाल बाल बच गया। हालांकि दूसरे पक्ष ने भी तहरीर देते हुए मारपीट का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौराला थाना क्षेत्र के लोइया गांव निवासी अतीक पुत्र सदरुद्दीन ने मंगलवार की देर रात थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि उसका बेटा शाम को अपने मकान की छत पर खड़ा था तभी पड़ोस के रहने वाले दो तीन युवक भी छत पर खड़े हुए थे उन्होंने आरोप लगाया कि युवकों ने उसके बेटे के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर झोंक दिया। जिससे उनका बेटा उजैफ बाल बाल बच गया। आरोप है कि युवकों ने ऊजैफ को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद उजैफ के पिता ने सहल पुत्र शाहरुख उर्फ फाबू, सैफुल्लाह पुत्र इसरार, रिहान पुत्र निसार सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। बताया जाता है कि दूसरे पक्ष ने भी थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए मारपीट का आरोप लगाया है।

वहीं जब इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी दौराला सुमन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लोइया गांव में बच्चों के बीच कहासुनी हुई थी जिसके बाद दोनों पक्षों के परिजनों के बीच मारपीट हुई थी और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी थी। दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर 151 की कार्यवाही की गई है।

# वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए पूर्व मेजर जनरल ने बैंकरमैन टेक्नोलॉजी की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें बैंकरमैन टैक्नोलॉजी विषय पर आधारित एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी, प्रधानाचार्य जिया जैदी तथा रिटायर्ड मेजर जनरल डॉ. श्रीपाल द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। जगदीश त्यागी ने मेजर डाक्टर श्रीपाल का विद्यालय में भव्य स्वागत किया और अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इसका संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। हमें हर स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल डाक्टर श्रीपाल ने बैंकरमैन




टैक्नोलॉजी विषय पर अपनी अत्यंत ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार उन्होंने वातावरण को शुद्ध करने हेतु अनेक नई-नई तकनीकों का आविष्कार किया है। जिनका उपयोग आज न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी किया जा रहा है। उन्होंने प्रोजेक्टर प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी कि इन आधुनिक तकनीकों के द्वारा हम वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या का समाधान किस प्रकार कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सशक्त करते हैं। विद्यालय सदैव ऐसे शैक्षिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास करता रहेगा। विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं प्रबंधन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने मेजर जनरल डाक्टर श्रीपाल सिंह से अनेक नवीन जानकारियां प्राप्त कीं और तकनीकी नवाचारों के प्रति गहरी रुचि प्रदर्शित की। यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा। बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी जागरूकता भी उत्पन्न हुई। पूर्व मेजर डॉक्टर श्रीपाल ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी देश में फैल रही रासायनिक हवाओं से बचाएगी और पर्यावरण को स्वच्छ रखेगी।

# लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्याम नगर में दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्याम नगर स्थित बाबर वाली गली में दो पक्षों के बीच मारपीट व महिलाओं से बदसलूकी का मामला सामने आया है। पीड़ित आसिफ पुत्र स्व. रियाजुद्दीन ने थाना लिसाड़ी गेट में तहरीर देकर पांच भाइयों सादाब, शाहिल, शाहबाज, आमिर, मोनू पुत्रगण असरफ और उनकी मां समीम पर आरोप लगाया है कि पिछले तीन दिनों से ये लोग उसके परिवार से झगड़ा कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि 7 अक्टूबर की सुबह उसका छोटा भाई अनस दुकान खोलने जा रहा था, तभी उक्त लोगों ने मिलकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया और बुरी तरह पीटा। बचाने आए बड़े भाई आरिफ को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का मेडिकल कराया गया और आरिफ ने थाने में

- **महिलाओं से बदसलूकी का आरोप**

तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की, जिसके बाद पुलिस ने शादाब को हिरासत में लिया था। पीड़ित के अनुसार 8 अक्टूबर की सुबह जमानत पर छूटकर आए सादाब ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उनके घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली-गलौच व बदसलूकी की और मारपीट की। उस समय घर में कोई पुरुष मौजूद नहीं था। पीड़ित आसिफ ने आरोप लगाया कि शादाब अब भी लड़कों को इकट्ठा कर रहा है और उसे तथा परिवार को जान का खतरा है। उसने एक युवती रुकसार पर भी आरोप लगाया है कि वह खुद को पत्रकार बताकर समझौते के नाम पर 50 हजार रु. मांग रही है।

# पिल्लोखड़ी पुल पर अवैध मुर्गा मंडी बन रही जाम का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र की पिल्लोखड़ी चौकी के पास 100 मीटर की दूरी पर सुबह सवेरे अवैध मुर्गा मंडी लगती है। बिना अनुमति के बीच सड़क पर अवैध रूप से चल रही है मुर्गा मंडी के कारण पिल्लोखड़ी पुल पर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं सुबह सवेरे स्कूल के बच्चों का निकलना रहता है। बदबू के कारण लोगों का आना जाना भी मुश्किल हो गया है। आस पास के लोगों का कहना है कि पुलिस से शिकायत के बाद भी अवैध तरीके से मुर्गा मंडी बीच सड़क पर लगती है जिस कारण रोजाना जाम स्थिति बनी रहती है।



# कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूनाइटेड बहुजन मोर्चा एवं डी.एस.-4 के संयुक्त तत्वावधान में 9 अक्टूबर को बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन देवलोक मंडप, कूकड़ा मंडी चौराहा, मुजफ्फरनगर में होगा।

कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली और मेरठ से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। मेरठ से भी बसों व निजी वाहनों के जरिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बहुजन समाज में एकता स्थापित कर कांशीराम जी के सपनों को साकार करना, दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्गों को शासन-सत्ता में समानुपातिक भागीदारी दिलाने

- **यूनाइटेड बहुजन मोर्चा व डी.एस.-4 के संयुक्त तत्वावधान में मुजफ्फरनगर में होगा आयोजन**

और वंचित वर्गों को संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ स्वाभिमानी व सम्पन्न बनाने का संकल्प दोहराना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. आर.पी. सिंह 'अम्बेडकर' होंगे। वे दलित, पिछड़ों व अन्य वंचित वर्गों के आरक्षण, शिक्षा व रोजगार के अधिकारों तथा सेना व हायर ज्यूडिशियरी में आरक्षण की मांग को लेकर पिछले 15 वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम बहुजन समाज की एकता व अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा देगा।

# दौराला में पोषण पंचायत का आयोजन

## महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला व ब्लॉक प्रमुख शर्मिष्ठा हुई शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पंचायत के कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को ब्लॉक सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला व दौराला ब्लॉक प्रमुख शर्मिष्ठा भंडारी ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में मुख्य अतिथियों ने मातृशक्ति, आंगनबाड़ी, आशा समूह की बेटियों से भी संवाद किया गया जिसमें सभी मातृ शक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ साथ उनकी आत्म रक्षा ओर उनके अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। ब्लॉक प्रमुख शर्मिष्ठा भंडारी व उनके पति ऋषिपाल भंडारी ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास परियोजना के द्वारा किया गया। इस दौरान मीनाक्षी भराला, शर्मिष्ठा भंडारी के अलावा डीपीओ स्वास्थ्य विभाग मेरठ व महिला पुलिस अधिकारी सहित समस्त दौराला ब्लॉक स्टाफ मौजूद रहा।



# सुभारती विवि में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और सामाजिक चेतना पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय में हाल ही में शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कई उल्लेखनीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों ने विश्वविद्यालय की उस दृष्टि को और सशक्त किया, जो शिक्षा को आत्मनिर्भरता, अनुसंधान, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों के साथ जोड़ती है।

विश्वविद्यालय के सत्यजीत रे सभागार में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का विषय था 'नवाचार को प्रज्वलित करना: विचार से प्रभाव तक।' इसे स्टार्टअप समिति एवं सुभारती अनुसंधान और इनक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन




से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा, डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल (डॉ.) जी. के. थपलियाल, डॉ. मनोज कपिल (संकायाध्यक्ष, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी) और डॉ. पिंटू मिश्रा (डीन, फैशन एवं फाइन आर्ट्स) ने सहभागिता की। चेयरमैन डॉ. विश्वास मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

वहीं दूसरी ओर रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में योग और प्राकृतिक चिकित्सा में अनुसंधान पद्धति, वैज्ञानिक लेखन और बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा (कुलपति) ने की, जबकि डॉ. राघवेंद्र राव (निदेशक, सीसीआरवाईएन) और डॉ. राजेश सिंह (कार्यकारी निदेशक, इनिगमा) मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान अनुसंधान डिजाइन, नैतिकता, एवं बौद्धिक संपदा अधिकार पर विचार साझा किए गए। तीसरे प्रमुख आयोजन में विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में क्रिएटिव मल्टीमीडिया स्किल डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार के रूप में हुआ। इसी क्रम में सामाजिक चेतना और जन-जागरण की दिशा में विवि के कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण पर एक आउटरीच एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समाज में महिलाओं के अधिकार, समानता, शिक्षा एवं नेतृत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भौला गांव, मेरठ में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इन सभी आयोजन ने यह सिद्ध किया कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रेरक मंच है जहां नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और सामाजिक चेतना एक साथ विकसित हो रहे हैं।

# जानी पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मिशन शक्ति तहत की टीम द्वारा महिलाओं को उनका सम्मान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मिशन शक्ति टीम के तहत दिया जा रहा है। ऐसा ही मामला चार दिन पहले जानी थाना क्षेत्र में आया कस्बा सरूरपुर निवासी एक महिला ने जानी थाने में अपने भाई ताजिम पुत्र नवाब अली निवासी खिड़की ने जाने थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया। महिला ने बताया कि की खेड़की मुजक्कीपुर थाना जानी निवासी एक व्यक्ति उसके घर में घुसा और कार में डालकर ले गया और उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया और उसके सोने के आभूषण भी ले गया। महिला को जान से मारने की धमकी

- **सोने के आभूषण किए बरामद**

दी कि अगर किसी को बताया तो वह उसकी जान से मार देगा। पुलिस ने मिशन शक्ति टीम द्वारा इसकी जांच पड़ताल की गई। घटना सही पाई गई। बुधवार को हल्का इंचार्ज आलोक कुमार व मिशन टीम शक्ति के इंचार्ज सुजीत कुमार मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कलंजरी जाने वाले रास्ते पर घूम रहा है। तभी पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान जिया उल हक पुत्र जफर निवासी ग्राम खेतकी मुजक्कीपुर थाना जानी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया।

# चार दिन से लापता अधेड़ का मिला शव

## जली हुई अवस्था में शव देख लोगों में दहशत, मौके पर पहुंचे सीओ ने की जांच

■ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार सुबह लापता हुए अधेड़ का शव बुधवार सुबह तहसील रोड़ स्थित रजवाहें की पटरी पर स्थित निर्माणाधीन मकान में जली हुई हालत में पड़ा हुआ मिला।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है, पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हुई है। सरधना नगर के गोमतीनगर मोहल्ला निवासी जमील पुत्र हफीज उम्र करीब 40 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। जो रविवार सुबह घर से टहलने के लिए कहकर निकला था, लेकिन शाम तक घर नही पहुंच सका था। जमील के पुत्र नौशाद ने इस मामले में थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन 3 दिन तक जमील का कोई सुराग हाथ नही लग सका था। बुधवार सुबह तहसील रोड स्थित रजवाहें के पास निर्माणधीन मकान में एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली, मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी अखिलेश मिश्र मय फोर्स के साथ छानबीन में जुट गए। शव पूरी तरह से जली हुई अवस्था में पड़ा हुआ था, जो देखने में हत्या के बाद जलाने का मामला नजर आ रहा था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमील की शिनाख्त उसकी चप्पलों व कपड़ों से की। परिजनों का कहना था कि जमील की हत्या करने के बाद शव की शिनाखत मिटाने के लिए चेहरा जलाया गया। पुलिस ने शव का पंचमाना भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है देर शाम एसपी देहात अभिजीत कुमार ने घटनास्थल को दौरा करते हुए मामले की जानकारी जुटाई। जमील का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में सीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि शव बुरी तरह से सड़ी हुई थी, जिसके बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



## भावनपुर पुलिस ने तमंचे के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान ग्राम पचपेडा से ज्ञानपुर जाने वाले मार्ग पर एक युवक को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए युवक की पहचान महताब पुत्र मूसा निवासी ग्राम पचपेडा, के रूप में हुई है, पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया है। अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## एक दिन की सीओ बनी परी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को थाना सदर बाजार के प्रांगण स्थित सीओ क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज सदर मेरठ की 12वीं कक्षा की छात्रा परी को एक दिन की सीओ क्षेत्राधिकारी के पद पर नियुक्ति किया गया।

जिसमें फरियादियों की सुनवाई को क्षेत्राधिकारी बनी परी ने सुनवाई की एवं समस्या का समाधान करने को कहा। इस मौके पर स्कूल की ओर से सीमा आचार्य एवं भावना सिंह शिक्षिकायें मौजूद रही। परी ने बताया कि सीओ बनने पर उन्हे बहुत खुशी मिली है और उन्होंने जनता की समस्या भी सुनीं इससे उन्हे पता चला है कि अधिकारी जो सीट पर बैठकर लोगों की समस्या सुनते है उन पर बड़ी जिम्मेदारी रहती है।

# 15 अक्टूबर को सरधना के वार्ड 15 में होगा उप चुनाव

## कई प्रत्याशी मैदान में, वर्तमान सभासद की पत्नी सलमा सितारा के नाम का दिखा शोर

■ चेयरमैन बनने का ख्वाब देखने वाले अब मेंबरी में उतरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना से वार्ड नंबर 15 में हो रहें उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं यहां पर एक प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो सरधना नगर पालिका के अध्यक्ष बनने का ख्वाब देखते रहे, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी और मायूसी इतनी हाथ लगी कि अब वह एक वार्ड मेंबर का चुनाव लड़ने पर मजबूर हो गए है। यहां पर तीन प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी सलमा सितारा है जिसके नाम का शोर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 15 जोगियान में सभासद के आकस्मिक निधन के बाद सीट खाली हो गई थी। जिस पर उपचुनाव के लिए 15 अक्टूबर को वोट डाली जानी है। इस सीट पर वार्ड नंबर 13 से वर्तमान सभासद शहजाद सितारा की पत्नी सलमा सितारा, पूर्व सभासद तराबुदीन अंसारी की पत्नी सायरा व मंजू सैनी चुनाव मैदान में है। इस सीट पर करीब 2200 मतदाता है, जो चुनाव में वोट डालेंगे। वार्ड नंबर 15 का बुधवार को शाह टाइम्स की टीम ने राम तलैया मंदिर के तिराहे पर पहुंचकर जनता संवाद किया- जहां पर मतदाताओं ने अपनी पसंद और वार्ड में चुनाव लड़ रहे हैं प्रत्याशियों की हकीकत को बयां किया और कौन जीतेगा इसको लेकर भी अपनी बात रखी। वार्ड के कुछ लोगों का दावा कि सलमा सितारा के पति ने दूसरे वार्ड में भी भरपूर कार्य किए है। अन्य प्रत्याशी वादें करके जीत जातें है, लेकिन चुनाव बाद गायब हो जाते है, लोगों के दावे से सलमा सितारा की जीत एक तरफा नजर आ रही है।

### चेयरमैन बनने वाले सभासद पद पर उतर आएं

उपचुनाव मैदान में उतरे तराबुदीन अंसारी पूर्व में 2006 से लेकर 2012 तक वार्ड सभासद रह चुके है, और 2012 में खुद चेयरमैन प्रत्याशी के लिए चुनाव लड़े थे, मगर 700 वोटों तक ही सीमित रह रहें थे। 2023 के चुनाव में भी उन्होंने अपने भतीजे आफताब अंसारी को चुनाव लड़वाया, लेकिन बिरादरी का समर्थन मिलने के बाद भी 4200 वोट पर आकर टिक गए। वार्ड वासियों का कहना है कि जो शख्स घर में चेयरमैनी आने का ख्वाब देख रहा है, और सिर्फ सभासद बनने की जुगत में लगा है। इससे यह साबित होता है उनका नगर में ग्राफ गिरा चुका है। और वह नगर में अपना रूतबा कायम करने की जुगत में लगे हैं। हालात यह है कि उपचुनाव में उनकी हालाल खस्ता नजर आ रही, बताया गया है इस वार्ड में 'सीधा मुकाबला सलमा सितारा-मंजू सैनी के बीच देखने को मिल सकता है।

## डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई 25 में 35 प्रतिशत बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहरी भारत में डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई25 में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई, जिसका नेतृत्व महिलाओं, युवा पेशेवरों और छोटे शहरों के उपभोक्ताओं ने किया है, जो डिजिटल भुगतान के नए तरीकों को अपना रहे हैं। यह जानकारी आज केरनी इंडिया और अमेजन पे द्वारा जारी हाऊ अर्बन इंडिया पे 2025 रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट इस पर प्रकाश डालती है कि आकांक्षी खरीदार अब डिजिटल लेनदेन को विभिन्न खर्च श्रेणियों में फैला रहे हैं, जहां डिजिटल तरीकों को अब केवल उच्च मूल्य वाले खरीद जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान के लिए ही नहीं बल्कि नियमित श्रेणियों जैसे उपयोगिता बिल के लिए भी प्राथमिकता दी जा रही है।

## राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर

■ सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने क्षेत्र में घूमकर कई गांवों का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवालखास।** मेरठ के सिवाल खास क्षेत्र में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर है। सिवालखास सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने गांव डालमपुर व जिटोला व लोहरगढ़ में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान गांव-गांव घूम कर रणबीर दहिया ने नए सदस्य बनाएं और लोकदल को मजबूत बनाने की अपील की। ग्राम जाटोली में प्रधान मंगल सैनी के निवास पर एक मीटिंग आयोजित थी जिसकी अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र गौतम ने की। वहीं ग्राम लोहरगढ़ में भी एक मीटिंग आयोजित हुई जिसमें रणबीर ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सभी वर्ग की पार्टी है और सभी वर्ग को साथ लेकर चल रही है। सदस्यता अभियान में डॉ. सुशील कुमार प्रदेश महासचिव, सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे।



## भीषण जाम खुलवाने सड़क पर उतरे सीओ मवाना

### रोजाना की तरह बुधवार को मवाना में मेन रोड पर लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आए दिन जाम से जूझता मवाना। रोजाना की तरह बुधवार दोपहर मेन रोड पर भीषण जाम लगा और पुलिसकर्मी नदारद मिले। जाम खुलवाने को सीओ मवाना पंकज लवानिया को कमान संभालनी पड़ी। सीओ ने इंस्पेक्टर मवाना की फोन पर ही क्लास लगा दी। सीओ द्वारा जाम खुलवाने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। बुधवार दोपहर नगर की मेन रोड पर भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और बाइक सवारों को भी निकलने की जगह नहीं मिली। थाना मवाना से लेकर पुलिस चौकी बस स्टैंड तक जाम की स्थिति बन गई। सीओ मवाना पंकज लवानिया भी जाम में फंस गए तो उन्होंने जाम खुलवाने के लिए खुद ही कमान संभाल ली। उन्होंने इंस्पेक्टर मवाना को फोन कर कहा कि पुलिसकर्मी कहां हैं, यहां सड़क पर भयंकर जाम लगा है। सीओ मवाना काफी देर सड़क पर डटे रहे और वाहनों को पास कराया। उसके बाद थाने से पुलिसकर्मी दौड़े और जाम खुलवाया। उसके बाद शाम तक यातायात व्यवस्था सही रही। सीओ मवाना ने कहा कि जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।




## न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं हेड डॉ. गौरव बंसल ने किया। डॉ. गौरव प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर में मरीजों की प्राथमिक कंसल्टेशन और फॉलोअप के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. गौरव बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को मिनिमली इनवेसिव और हाई प्रिसिशन सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित और प्रभावी इलाज प्रदान करना है, जिससे उनकी रिकवरी तेज और परिणाम बेहतर हों।

# सब एरिया के PUPSA ऑफिसर मेस में मनाया गया वायुसेना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सब एरिया के तत्वावधान में PUPSA ऑफिसर मेस में वायुसेना दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल सुमित राणा, जनरल ऑफिसर कमांडिग, सब एरिया तथा मेजर जनरल, लक्ष्मीकांत मदरेवार, कमांडेंट आरवीसी सेंटर एंड कॉलेज ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सभी सेवारत एवं भूतपूर्व वायु योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन वायुसेना के पूर्व सैनिकों के परिवारों द्वारा किया गया।

जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय वायुसेना की वीरता और सामर्थ्य पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म प्रदर्शित की गई। इस आयोजन का समन्वय विंग कमांडर राजीव लोचन, स्क्वाड्रन लीडर अनिल गुप्ता एवं स्क्वाड्रन लीडर क्षितिज कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने में विशेष भूमिका निभाई। भूतपूर्व सैनिक समुदाय का प्रतिनिधित्व कैप्टन (आई.एन) राकेश शुक्ला (से.नि), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, मेरठ ने किया। उन्होंने सभी वेटरन्स की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब वायु योद्धा समुदाय ने सब एरिया में वायुसेना दिवस का आयोजन किया जो सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों के बीच अटूट बंधन और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक है।



## सर्विलांस सेल ने 217 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर नागरिकों के खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये गये है। सर्विलांस सेल ने कुल 217 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन ट्रेस कर तथा अन्य जनपदों से बरामद किये गये, जिन्हें एसएसपी ने बुधवार को उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को प्रदान किये। अपने खोये हुए मोबाईल फोन को प्राप्त कर नागरिकों द्वारा एसएसपी, पुलिस अधीक्षक अपराध व सर्विलांस सेल एवं जनपदीय पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। 217 मोबाइल फोन कि कीमत लगभग 38 लाख रूपये बताई जा रही है।

## किठौर से बसों में सवार होकर रैली के लिए रवाना हुए कार्यकर्ता

■ कांशीराम परिनिर्वाण दिवस: बसपा लखनऊ में करेगी शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम का 19वां परिनिर्वाण दिवस गुरुवार, 9 अक्टूबर को लखनऊ में मनाया जाएगा। इस अवसर पर बसपा कांशीराम स्मारक स्थल पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसमें लाखों की संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है।

पार्टी इस आयोजन के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने की तैयारी में है। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब बसपा, जो उत्तर प्रदेश सहित देश की राजनीति में हाशिए पर मानी जा रही थी, एक बार फिर सक्रिय होने की कोशिश कर रही है। इस दिन बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय बाद एक बड़े सार्वजनिक मंच से अपनी सक्रिय वापसी का संदेश देंगी। साथ ही, पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद की भी री-लॉन्चिंग की जाएगी। पार्टी का लक्ष्य इस भीड़ के सहारे मिशन-2027 का बिगुल बजाना है। इसी क्रम में, विभिन्न जनपदों से पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को बसों में सवार होकर लखनऊ रैली के लिए रवाना कर रहे हैं। मेरठ जनपद के कस्बा किठौर से बसपा के वरिष्ठ नेता मुनकाद अली के पुत्र और चेयरमैन सलमान मुनकाद ने भी कार्यकर्ताओं से भरी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सलमान मुनकाद ने बताया कि कार्यकर्ता 8 अक्टूबर से ही लखनऊ के रमाबाई मैदान में पहुंचना शुरू कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यकर्ता जाम में न फंसें और समय पर रैली में शामिल हो सकें।



## वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा सूरजकुंड वाल्मीकि बस्ती से निकाली गई। जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त सौरभ गंग. वार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया ने पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा में कैंट विधायक अमित अग्रवाल, भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी मौजूद रहे। यात्रा को सफल बनाने में कैलाश चंदोला, रोहित बालाजी, सुरेंद्र ढींगिया, शिव कुमार नाज, देवानंद चौधरी, भारती, संदीप वेद, अनिल जीनवाल, विजेंद्र लोहरे आदि लोगों का मुख्य योगदान रहा।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

# निजीकरण की प्रक्रिया हुई तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख संघर्ष समिति ने नियामक आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर वार्ता हेतु समय देने की मांग की। संघर्ष समिति का पक्ष सुने बिना आरएफपी डॉक्यूमेंट पर निर्णय लिया गया तो नियामक आयोग मुख्यालय पर मौन विरोध प्रदर्शन होगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार को एक पत्र भेजकर मांग की है कि वह पावर कारपोरेशन द्वारा दिये गए आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों पर पावर कॉरपोरेशन का जवाब सुनने के पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश को अपना पक्ष रखने के लिए समय दें। संघर्ष समिति ने पत्र में चेता. वनी दी है कि यदि विद्युत नियामक आयोग से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी संघर्ष समिति के प्रति. निधि मंडल को समय न दिया तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मी विद्युत नियामक आयोग के मुख्यालय पर मौन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नियामक आयोग के अध्यक्ष की होगी।

पत्र में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विदित हुआ है कि विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम केआरएफपी डॉक्यूमेंट पर नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों के संबंध में अलग से चर्चा की है। चर्चा यह भी है कि इस बैठक में यह तय हो गया है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा आपत्तियों पर दिए जाने वाले जवाब पर विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सहमति दे दी है जिसके बाद निजीकरण का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यदि यह सही है तो यह बहुत ही गंभीर बात है कि सरकार, प्रबंधन और विद्युत नियामक आयोग के बीच निजीकरण को लेकर मिलीभगत हो गई है। यह केवल निजी घरानों के हाथ बेचने की साजिश है।

## परीक्षा के संबंध में दिए गए निर्देशों का किया जाए अक्षरशः अनुपालन: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 के लिए लगाये गये सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापक के साथ बैठक आहूत गई। जिला. धिकारी ने परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु सभी सैक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारी समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापको को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रो में पीने का पानी, प्रकाश, जेनरेटर का बैकअप आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्देशिका का अच्छी प्रकार से अध्ययन कर अक्षरशः शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करे। परीक्षा कक्ष में लगे सभी इंवीजिलेटर को ठीक से प्रशिक्षण दिया जाये। परीक्षा की संवेदनशीलता, सुचिता और पारदर्शिता को बनाये रखते हुये परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये। किसी भी स्तर पर परीक्षा के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर सभी कर्मी आईकार्ड के साथ रहेंगे।

एसएसपी विपिन ताडा ने ड्यूटी में लगे सभी पुलिस अधिकारियो को परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अंदर वाहन न खड़ा हो। परीक्षा से पूर्व व परीक्षा के उपरान्त जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस विशेष सर्तकता बरते। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी अवांछित व्यक्ति परीक्षा केन्द्र पर न रहे। उन्होंने बताया कि जनपद में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में संपन्न कराई जायेगी। प्रथम पाली की परीक्षा 09.30 बजे से 11.30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 02.30 बजे से 04.30 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रो व कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष व निर्विवादित रूप से सम्पन्न होनी चाहिए। परीक्षा के दौरान मोबाइल, कैलकुलेटर, हाथ घडी, ब्लूटूथ डिवाईस जैसी प्रतिबंधित वस्तुओ पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होने निर्देशित किया कि तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रहकर नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा आयोग के दिशा-निर्देशानुसार संपन्न करायेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह एसपी देहात अभिजीत कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।



# लखनऊ में मौलाना कल्बे जव्वाद से मिले नवाब अहमद हमीद

## मुलाकात के दौरान सियासी, सामाजिक तथा आपसी भाईचारे पर विस्तारपूर्वक की चर्चा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद ने राजधानी लखनऊ में शिया मसलक के प्रतिष्ठित विद्वान सैय्यद मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी से मुलाक़ात की। इस दौरान दोनों के बीच कई अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें कांग्रेस की नीतियां, संविधान की सुरक्षा और उसकी मज़बूती, राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने की ज़रूरत, मज़हबी और समाजी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द, और अमन की फिज़ा को क़ायम रखने जैसे विषय प्रमुख रहे।

प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद ने कहा कि मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी न सिर्फ़ शिया समुदाय के बल्कि पूरे मुल्क के लिए रूहानी और सामाजिक मार्गदर्शक हैं। उनके विचार समाज में मोहब्बत, इंसाफ़ और एकता का पैग़ाम फैलाते हैं। उनकी फिक्रमंद सोच आज के दौर में एक मिसाल है। ऐसे विद्वान समाज को राह दिखाने का काम करते हैं। इस दौरान नवाब अहमद हमीद ने मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी को कांग्रेस पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक कार्यों और जनता के बीच चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी संविधान की बुनियादी भावना बराबरी, इंसाफ़ और धर्मनिरपेक्षता को मज़बूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी ने राजनीतिक जागरूकता की अहमियत पर ज़ोर देते हुए कहा कि हर नागरिक को अपने अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने समाज में एकता, भाईचारे और मोहब्बत का माहौल बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मज़हब कभी नफ़रत नहीं सिखाता बल्कि इंसानियत, अमन और सहयोग का पैग़ाम देता है। उन्होंने विशेष कहा कि अत्याचार को सहन करना भी अत्याचार करने के बराबर है, इसलिए नाइंसाफ़ी के खिलाफ़ हमेशा आवाज़ उठानी चाहिए। उन्होने कहा कि करबला में इमाम हुसैन अ. ने जिस तरह जालिमों के खिलाफ़ अपनी आवाज़ उठाते हुए कुर्बानियां दी, उन्हीं से प्रेरणा लेकर हमें अपने देश में सभी बुराइयों को समाप्त करने में योगदान देना चाहिए।

# सांड की टक्कर से स्कूल बस चालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमीनगर सराय।** थानाक्षेत्र के तेडा गांव में मंगलवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक बेकाबू सांड ने गांव के स्कूल बस चालक पर हमला कर दिया। हमले में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

तेड़ा गांव निवासी टिंकू ने बताया कि उनके ताऊ राकेश कश्यप सर्वोदय पब्लिक स्कूल टटीरी में बस चालक थे। मंगलवार शाम वे खेतों की ओर घूमने गए थे, तभी गांव में घूम रहे एक बिगड़ैल सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। सांड ने राकेश को उठाकर पटक दिया और उसका सींग उनकी जांघ में जा घुसा, जिससे काफी खून बह गया। परिवारजन आनन-फानन में उन्हें बड़ौत के आस्था हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान राकेश की मौत हो गई। मृतक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सांड पहले भी कई लोगों को घायल कर चुका है। उन्होंने कई बार पशु चिकित्सक और प्रशासन को सांड को पकड़वाने की शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। राकेश की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से सांड को तुरंत पकड़वाने की मांग की है।

# पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** समाजसेवा और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अग्रवाल महासंघ एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ग्रोवैल स्कूल गर्ल्स विंग में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समर्पित था, जिन्होंने जिला रेड क्रॉस समिति बागपत एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के संयुक्त तत्वावधान में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

विद्यालय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में नेत्रदान विषय पर प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता और सामाजिक संदेश से सबको प्रभावित किया। निर्णायक मंडल द्वारा चुनी गई श्रेष्ठ प्रविष्टियों में पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रा आन्या को प्रथम तथा नाबिया को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि स्लोगन प्रतियोगिता में सांची प्रथम एवं अंजलि द्वितीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।



# 10 खिलाड़ियों का स्टेट लेवल पर हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक डा. भीमराव अंबेडकर अयोध्या में आयोजित स्टूडेंट गेम फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में स्टेट चैंपियन शिप में मेरठ मंडल की टीम में जनपद बागपत की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत से 10 खिलाड़ियों का स्टेट लेवल पर चयन हुआ है। एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ द्वारा बताया गया कि मेरठ मंडल की कबड्डी टीम में मीनाक्षी शर्मा, नैना आर्य, अभि तोमर, सनी, विजय कुमार, शुभम राजपूत, बादल तोमर, दीपक कुमार, शुभम नैन, वाशु इन सभी खिलाड़ियों को अयोध्या स्टेट गेम के लिए रवाना की है।





## एक नजर

### पीड़ित किसानों को मुआवजे के साथ-साथ ऋण माफ करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शबगा गांव की नागू वाली चौपाल में किसानों की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें किसानों ने बताया कि यमुना नदी में आयी बाढ़ से सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा कृषि भूमि फसलो के साथ बह गयी, जिससे किसान काफी परेशान हैं। उसके बावजूद भी सरकार व प्रशासन के अधिकारी आंखें बंद कर बेठे हुए हैं। पीड़ित किसानों ने बताया कि हर साल यमुना नदी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। हर साल सैंकड़ों किसानों की हजारों बीघा कृषि भूमि फसलों के साथ यमुना में समा रही है, जिसके चलते कई किसान भूमिहीन हो गये। किसानो की कृषि भूमि, फसल, नलकूप आदि यमुना में बहा गये। उसके बावजूद भी सरकार व प्रशासन के अधिकारी पीड़ित किसानों की पीडा नहीं समझ रहे। धर्मेंद्र, रामपाल, कालूराम, विनोद प्रधान, ब्रह्मपाल, विजेंद्र प्रधान, ओमप्रकाश, भोपाल दरोगा, कृष्ण पाल सिंह, धीरज राठी आदि वक्ताओं ने किसानों की परेशानियों से अवगत कराते हुए कहा कि पीड़ित किसानों को मुआवजे के साथ साथ ऋण माफ करने की मांग की। उसके बाद भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकट ने कहा कि यमुना नदी में हुए कटान से शबगा, जागोश आदि गांवो में करीब 5 हजार बीघा फसल व कृषि भूमि का कटान हुआ है। टिकैत ने कहा कि पंजाब की तर्ज पर यहां भी अपना खेत अपना रेत योजना लागू होनी चाहिए, जिससे पीड़ित किसान अपने खेत से रेत बेचकर गुजारा कर सके। टिकैत ने कहा कि सरकार को सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर की राजनीति छोड़कर किसानों की जमीन बचाने के लिए यमुना में मजबूत बांध बनवाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार में शामिल स्थानीय सांसद को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की घटना पर टिकैत ने निंदा जताई और बरेली आई लव यू मोहम्मद विवाद पर टिकैत ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विवाद वाली जगहों पर क्यों जा रहे हो। टिकैत ने सरकार को खतरनाक सरकार बताते हुए कहा कि अगर किसान समय रहते नही संभला तो उनकी जमीन व्यापारियों को जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी लुटेरा घायल अवस्था में गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना पुलिस और स्वाट टीम ने एक मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामी लुटेरे को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी चेकिंग अभियान के दौरान हुई। लुटेरे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान लुटेरे ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में लुटेरा घायल हो गया, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। यह लुटेरा 5 अक्टूबर को रमाला थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात में शामिल था। उस दिन अमित चोपड़ा निवासी हरियाणा से उसकी वैगनआर गाड़ी, 15 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूटा गया था। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था और पुलिस अधीक्षक ने लुटेरे की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तार लुटेरे की पहचान रितिक पुत्र जवाहर निवासी हिलवाड़ी, हाल पता कस्बा बड़ौत के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि 25 हजार के इनामी लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। यह 5 अक्टूबर को हुई लूट में शामिल था। रमाला थाना पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# मां तुल्य चिकित्सीय संस्थान द्वारा ग्राम प्रधानों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मां तुल्य चिकित्सीय संस्थान ने बुधवार को एक गरिमामय माहौल में जनपद के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। संस्थान के संचालक डा.प्रशांत शर्मा ने ग्राम निवाड़ा के प्रधान हसरत चौधरी और ग्राम खेड़की के प्रधान आशीष शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर डा.प्रशांत शर्मा ने कहा कि मां तुल्य चिकित्सीय संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्थान में बच्चों की विशेष सुविधा वाली नर्सरी सहित विभिन्न उपकरण और ऑपेशन थिएटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मां तुल्य चिकित्सीय संस्थान का उद्घाटन 28 सितंबर को विधायक योगेश धामा द्वारा किया गया था। संस्थान में 24 घंटे एमरजेंसी सेवा उपलब्ध है और विविध रोग विशेषज्ञों की टीम मरीजों का इलाज कर रही है। इस अवसर पर ईनाम उल हसन, डा. आलोक अग्रवाल, डा.हरेंद्र सिंह, डा.अखिलेश कुमार, डा.शादाब अनवर, डा.नासिर हुसैन, डा.आर कुमार इत्यादि, मनीष सैनी उपस्थित रहे। संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए ग्राम प्रधानों आभार व्यक्त किया।



## नारी शक्ति करण को लेकर एसपी ने छात्राओं को किया प्रेरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खैला के तेजस इस्टीयूट आफ एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग महाविधालय में छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत महिला शक्तिकरण और छात्राओं के अधिकारों की जानकारी दी गयी। खैला गांव के तेजस इस्टीयूट आफ एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग महाविधालय में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और छात्राओं के अधिकारों की जानकारी के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे बागपत एसपी सूरज कुमार राय और जिला पंचायत अध्यक्ष ममता जय किशोर ने छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही मिशन शक्ति में महिला शक्तिकरण,और नारी सुरक्षा को लेकर प्रकाश डाला और महाविधालय के चौयरमैन डाक्टर कर्मवीर सिंह ने बताया कि महाविधालय में छात्राओं की सुरक्षा से सब आश्वासित रहे। उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों की भी जानकारी दी। वही कालिज प्रबंधक विपिन कुमार ने सरकार द्वारा छात्राओं को दी जा रही सुविधा की जानकारी दी। इस मौके पर उप प्रबंधक शिरिष तोमर, मनीष, हीरा, स्वेता, नीरज थाना प्रभारी अतर सिंह आदि मौजूद रहे।

# दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वंश पवार आत्महत्या मामले में अधिवक्ताओं ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां एसपी सूरज राय ने उन्हें निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बली निवासी नरेंद्र पवार के पुत्र वंश पवार 13 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए थे। दो दिन बाद, 15 सितंबर को उनका शव रेलवे ट्रैक के पास मिला था। जांच में सामने आया कि वंश ने (डिजिटल अरेस्ट) के कारण आत्महत्या की थी। उसे साइबर ठगों द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाया गया था। इस मामले में पुलिस एक साइबर ठग को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है। अधिवक्ताओं ने एसपी सूरज कुमार राय से मुलाकात कर मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान एडवोंकेट नरेन्द्र पवार, एडवोकेट रामकुमार तोमर, एडवोकेट कपिल डेढा, एडवोकेट कल्याण सिंह, एडवोकेट केपी यादव, एडवोकेट नीरज सिंह, सोमेन्द्र ढाका, एडवोकेट रमाकांत, अमन डेढा, मोनू डेढा, नहकार भाटी अरूण बुढेडा आदि मौजूद रहे।

# पंजाब की तर्ज पर करें सरकार यमुना नदी पर बांध बनवाने का कार्य:राकेश



**शाह टाइम्स संवाददता**

**बडौत।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शबगा व जागोश गांव पहुंचकर तटबंध का दौरा किया, जहां उन्होंने पीड़ित किसानों से यमुना कटान संबंधित जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने पंजाब की तर्ज पर यूपी में अपना खेत अपना रेत योजना लागू करने एवं बांध बनवाने की मांग की। बुधवार को समय करीब एक बजे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत शबगा व जागोश गांव पहुंचे। जहां भाकियू के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका फूल माला एवं पगड़ी पहनकर भव्य स्वागत किया। उसके बाद भाकियू के सैकड़ों कार्यकर्ता कार बाईक व ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर भाकियू के नारे बाजी करते हुए जागोश गांव पहुंचे। जहां राकेश टिकैत ने यमुना में हुए कटान क्षेत्र का दौरा किया। तथा पीड़ित किसानों से कटान संबंधित जानकारी लेते हुए कहा कि जागोश व शबगा गांव में करीब तीन किलोमीटर तक पांच हजार बीघा से उपर किसानों की खादर व बांगर की ख्रषि भूमि एवं फसल यमुना में समा गई, जिससे किसानों को मोटा नुकसान हुआ। उन्होंने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सरकार में है। उसके बावजूद भी किसानों के मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है।

# परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए और केंद्र व सह-केंद्र व्यवस्थापकों की जाए बैठके आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विशेष रूप से इस बार परीक्षा में नियुक्त सभी अंतरिक्षकों को भी पहली बार प्रशिक्षित किया गया, ताकि परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी न रह जाए और परीक्षा दिवस पर उत्पन्न होने वाली सभी संभावित परिस्थितियों के प्रति अधिकारियों की तैयारी एवं समन्वय मजबूत हो। कल प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र एवं सह-केंद्र व्यवस्थापकों की बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें स्थानीय स्तर पर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी जिसमें अंतरिक्षकों एवं अन्य संबंधित स्टाफ से नो रिलेशन सर्टिफिकेट भरवाया जाएगा एवं पहचान पत्र जारी किया जाएगा। प्रशिक्षक सत्यवीर शर्मा द्वारा परीक्षा के प्रत्येक चरण जैसे सत्र प्रारंभ होने से पहले, परीक्षा के दौरान तथा परीक्षा उपरांत अधिकारियों के दायित्वों व गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि परीक्षा से संबंधित सभी प्रपत्रों, उपस्थिति पत्रकों, प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं की प्रविष्टि किस प्रकार से की जाए ताकि कोई भी प्रशासनिक या तकनीकी त्रुटि न हो।

# परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता से संपन्न कराने की सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज की सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रा.परीक्षा 2025 एवं सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रा.परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को बागपत एवं खेकड़ा तहसील हेतु यमुना इंटर कॉलेज, बागपत एवं बड़ौत तहसील हेतु जनता वैदिक डिग्री कॉलेज, बड़ौत में अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज परीक्षा सहायक प्रथम एवं द्वितीय, केंद्र व्यवस्थापक, सह-केंद्र व्यवस्थापक को प्रशिक्षण दिया गया। शासन से नामित पर्यवेक्षक संजीव कुमार गोयल ने कहा कि परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, शुचिता एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ दायित्वों का निर्वहन करे। आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। प्रशिक्षण में परीक्षा की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल, गोपनीयता बनाए रखने की प्रक्रिया तथा परीक्षा दिवस पर अधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रत्येक अधिकारी को अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और गोपनीयता के साथ करना होगा। परीक्षा कक्षों में प्रवेश से लेकर उत्तर पुस्तिका संकलन तक प्रत्येक प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रश्नपत्रों की सीलिंग, पैकेट काउंटिंग, उपस्थिति मिलान, एवं परीक्षा सामग्री के परिवहन की व्यवहारिक जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक संजीव कुमार गोयल ने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे परीक्षा को पूर्ण निष्ठा, शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएंगे। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



सम्मन वास्ते करवाद उमूर तनकीह तलब
(ऑर्डर 5 कायदा1 व 5)
न्यायालय तहसीलदार बडौत, (बागपत)। विविध वाद सं.- T202511080403530 सन् 2025, श्रीमती बबीता बनाम श्रीमती दीपा आदि, अं.धारा- 209 (ज) उ.प्र.रा. सं.-2006, मौजा-ढिकाना।, प्रतिवादी..., 1.श्रीमती दीपा पत्नी संजीव निवासी ग्राम ढिकाना, तहसील बडौत, जनपद बागपत। हरगाह प्रार्थिनी/वादिनी ने आपके नाम एक विविधवाद सं.-3530 सन् 2025 मौजा ढिकाना योजित किया हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं कि आप बतारीख 27.10.2025 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से कराकर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिल्हका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो। दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही दे इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा।
तहसीलदार, बडौत (बागपत)

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विक्की से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
सतबीर पुत्र कालूराम निवासी पट्टी धीरान ग्राम सरूरपुर कलां थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वसीम व उसकी पत्नि सोनम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अलीहसन पुत्र घसीटा निवासी ग्राम मुरादगांव उर्फ रोशनगढ़ थाना बालैनी तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र असलम व उसकी पत्नि रिफत से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
इस्तकार पुत्र अली मोहम्मद निवासी ग्राम बिलोचपुरा थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

# दीपावली से पहले फोन स्वामियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

## पुलिस ने मोबाइल स्वामियों को लोटाए खोये हुए 48 लाख के मोबाइल फोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** दीपावली से पहले पुलिस 48 लाख रूपये के 218 खोए हुए मोबाइल उनके स्वामियों को लौट कर उनके चेहरो पर मुस्कान लोटाई है। बुधवार को पुलिस कार्यालय पर एएसपी विनीत भटनागर ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि ज़िलें में खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जनपदीय सर्विलांस टीम व थाना पुलिस द्वारा ज़िलें में खोये हुए मोबाइल की बरामदगी हेतु चलाए गए अभियान के अन्तर्गत जनपदीय सर्विलांस टीम व थाना पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर विभिन्न राज्यों व जनपदों से 48 लाख रूपये की कीमत के विभिन्न कम्पनियों के 218 मोबाईल फोन बरामद कर वास्तविक मोबाइल स्वामियों को





सुपुर्द किये गये है। उन्होंने बताया कि खोए हुए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। अपने खोए हुए मोबाइल फोन पाकर मोबाइल स्वामियों ने हापुड़ पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक सवार दो बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव भटियाना निवासी हरिओम पुत्र राम. सिंह, अपनी पत्नी आराधना और दो छोटे बच्चों के साथ बाइक से कपूरपुर बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह कपूरपुर के मुख्य मार्ग पर पहुंचे इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और परिवार के चारों सदस्य सड़क पर जा गिरे। हादसे में 32 वर्षीय आराधना की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलती ही कपूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों और परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत किया। पुलिस ने ट्रक चालक को मौके से दबोच लिया और ट्रक को भी अपने कब्ज़े में ले लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी चालक को ट्रक सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नगर के मुख्य मार्गो पर भारी वाहनों के प्रवेश पर सुबह 9 से रात 9 बजे तक प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** परतापुर रोड फाटक पर भारतीय रेलवे द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके चलते नगर के प्रमुख मार्गों गांधी रोड, जवाहर बाजार, स्टेशन रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन भारी यातायात दबाव और जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे आम नागरिकों के आवागमन में कठिनाई के साथ-साथ विद्यालय जाने वाले बच्चों, व्यापारिक गतिविधियों तथा एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने नगर के मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों, लोडिंग-अनलोडिंग वाहनों एवं टैक्सी वाहनों के प्रवेश पर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक का समयबद्ध प्रतिबंध लागू किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय निर्माण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगा। निर्धारित समय के अतिरिक्त ही ऐसे वाहनों को नगर सीमा में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाना है। प्रशासन ने वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित




समयावधि का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, जिससे नगर के भीतर यातायात का दबाव कम हो सके और आवश्यक सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

# जीएस मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला आयोजित, एसपी ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** शासन के निर्देशों के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम व महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के मद्देनज़र पिलखुवा क्षेत्र में स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक किया गया और महिला संबंधित अपराध हेतु विपिन हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। बुधवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा थाना पिलखुवा क्षेत्र में स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला आयोजित कर बालिकाओं व महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से



छात्राओं को जागरूक किया गया तथा सुरक्षा जागरूकता के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे महिला सुरक्षा केंद्र, एंटी रोमियों स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090 व साइबर अपराध एवं आत्मरक्षा सम्बन्धी आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# दिवाली पर मोदी सरकार का बड़ा तोहफा, जीएसटी में सरलीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा ने शिवाजी नगर स्थित मूलचंद गर्ग के आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में घोषणा की कि मोदी सरकार ने दीपावली से पूर्व जीएसटी व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए 28प्रतिशत और 12प्रतिशत के टैक्स स्लैब को समाप्त कर दिया है। अब देश में केवल दो सरल जीएसटी दरें - 5प्रतिशत और 18प्रतिशत ही लागू रहेंगी। शारदा ने इस निर्णय को व्यापारियों, उद्योगों और आम उपभोक्ताओं के लिए दीवाली का सबसे बड़ा उपहार बताया। शारदा ने कहा कि यह फैसला आम नागरिक, किसान, एमएसएमई, कुटीर उद्योग और महिला व युवा उद्यमियों सभी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।



उन्होंने कहा, इससे घरेलू उत्पादन और स्वदेशी वस्तुओं की मांग में जबरदस्त वृद्धि होगी और बाजार में नकदी प्रवाह बढ़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया। शारदा ने सभी दुकानदारों और नागरिकों से दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों पर मैं स्वदेशी माल बेचता हूं का बोर्ड लगाएं। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर दीपक मित्तल, रजनीश सोमानी, विश्व प्रकाश शर्मा, अनिल अग्रवाल, गौरव गर्ग, अंशुल मित्तल, लौकेश गर्ग, बोबी मित्तल, ललित बंसल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नैन्सी को बनाया गया एक दिन की जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** सिंभावली क्षेत्र के आईएसके इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा नैन्सी को जिलाधिकारी का पदभार मिलना, हापुड़ जिले में बेटी सशक्तिकरण की एक मजबूत मिसाल है। नैन्सी ने अपनी समझदारी, आत्मविश्वास और प्रशासनिक कुशलता से सभी को प्रभावित किया।

जिलाधिकारी की कुर्सी संभालते ही नैन्सी ने नेतृत्व की उत्कृष्ट भावना का प्रदर्शन किया और कई महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक की और निर्देश दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता और बालिका सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। नैन्सी ने गांवों में लाइब्रेरी को निजी स्तर पर विकसित करने की बात कही



जिससे बेटियों को शिक्षा में मदद मिले। कार्यभार संभालने के बाद नैन्सी ने कलेक्ट्रेट के शस्त्र विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, एनआईसी और आपदा प्रबंधन विभाग का जायजा लिया। जनसुनवाई के दौरान मिले जमीन संबंधी विवादों को देखते हुए, उन्होंने अधिकारियों को हर शिकायत का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। नैन्सी ने बताया कि उनका बचपन से ही आईएएस अधिकारी बनने का सपना है। वास्तविक जिलाधिकारी, अभिषेक पांडेय ने नैन्सी को सम्मानित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मकसद यही है कि बेटियां खुद को सशक्त महसूस करें। नैन्सी का यह अनुभव उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान की सफलता की कहानी है जो दर्शाता है कि अगर बेटियों को मौका दिया जाए तो वे किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं।

## एक नजर

### बुखार को हल्के में न लें, सेल्फ मेडिकेशन से बचें: डा. दिनेश कुमार भारती

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** इन दिनों बरसात में वातावरण में नमी व मौसम में उतार चढ़ाव से वायरल फीवर का कहर तेज हो गया है। डाक्टरों के पास मरीजों की संख्या और बढ़ गई है। चिकित्सालय सरकारी हो या निजी वहां के चिकित्सकों के पास बुखार, बदन, दर्द, सिर दर्द, खांसी की शिकायत लेकर पहले से बहुत अधिक मरीज पहुंचने लगे हैं। अपर मुख्य चिकित्सक अधिकारी डा. दिनेश कुमार भारती का कहना है कि



वायरल का ज्यादा घातक होने पर लीवर व किडनी पर भी असर पड़ता है। उनकी माने तो वैसे तो वायरल दो तीन हफ्तों में ठीक हुआ जा रहा है। पर जहां-जहां वायरल से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है, वहां मरीजों के लीवर से लेकर फेफडे तक पर वायरल अटैक कर रहा है। ऐसे में इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल इलाज कराना चाहिए। उन्होंने कहा है, कि ज्यादातर मरीज खांसी, बुखार, नाक बहने, आंख से पानी, तेज सिर दर्द व बदन दर्द और एलर्जी के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। एक-दो मरीज ऐसे भी हैं जो बुखार के साथ लाल दाने और सांस फूलने की शिकायत कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में इलाज में देरी खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने बच्चों को खासतौर पर ध्यान देने एवं इससे अलर्ट रहने की सलाह दी है।

### बाइक और कार की टक्कर को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के शहीद पार्क पर कार और बाइक सवार युवकों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान आपस में मारपीट हुई तो लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस दोनों पक्षों को तलाश कर रही है।



बुधवार की सुबह को एक युवक परिवार के साथ बाइक पर जा रहा था। जैसे ही वह शहीद पार्क पर पहुंचा तो उसकी बाइक की टक्कर वहां खड़ी कार से हो गई। इसी बात को लेकर कार और बाइक सवार युवकों के बीच नोकझोक और गाली गलौज हो गई। कुछ ही देर में वहां पर मारपीट हो गई। इस दौरान कुछ ही दूरी पर मौजूद होमगार्ड वहां पहुंचा, लेकिन मारपीट अत्याधिक होने पर वह वहां से चला गया। आस पास के लोगों ने उस वीडियो को बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। मामले के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने उनको तलाश शुरू कर दी है। हालांकि बताया गया है कि दोनों ही लोग जनपद मेरठ के निवासी है। पुलिस उनको पकड़ने के लिए रवाना हो गई है।

### रंजिशन घर में घुसकर बुजुर्ग पर किया जानलेवा हमला, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी बुजुर्ग ने दो लोगों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी अत्ते अली ने बताया कि उसने बाबूगढ़ क्षेत्र में एक ढाबा खोला था। किसी कारण वंश उसने ढाबे को बेच दिया। इसी बात को लेकर मुरादनगर निवासी वसीम और हनीफ उसके रंजिश रखने लगे। पीड़ित ने बताया कि चार अक्टूबर को आरोपी उसके घर आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसने मना किया तो आरोपियों ने हमला कर उसको घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एंटी रोमियो टीम ने मनचलो के खिलाफ चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** ज़िलें में एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाया और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूल, पार्क और मंदिरो के बाहर अभियान चलाया गया। महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में ज़िलें के थानो की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम बुधवार को सक्रिय दिखी। एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने शहर के स्कूल, पार्क और मंदिरों के बाहर अभियान चलाया। टीम ने स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक इस दौरान गायब दिखे। मनचलों में एंटी रोमियो स्क्वायड टीम की दहशत देखने को मिली।

# डीआईजी ने की मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेंज के चार जनपदों मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ के एसएसपी, एसपी और नोडल अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति फेज 5.0 के 11 प्रारूपों पर गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीआईजी ने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट के मामलों में महिला पुलिस द्वारा आवश्यकतानुसार मौके पर पहुंचकर शिकायत दर्ज की जाए। महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित शिकायतों पर बिना विलंब के अत्यंत संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्रवाई की जाए। पीड़िता को उसकी शिकायत दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों से संबंधित मुकदमों और शिकायतों का वरीयता के आधार पर त्वरित निस्तारण हो। इसकी नियमित मॉनिटरिंग के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। जनपदीय मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित कर महिला सुरक्षा चक्र के हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1076, 181 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। जेल से रिहा अभियुक्तों का सत्यापन व निरोधात्मक कार्रवाई



की जाए। नारी संरक्षण गृह और कारागारों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अत्यंत विनम्र, सम्मानजनक और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखा जाए। गोष्ठी में बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रेंज की जनपदीय पुलिस ने विगत 10 वर्षों में महिला सम्बन्धी अपराधों में प्रकाश में आए अपराधियों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिसमे मेरठ में 1676, हापुड़ में 1582, बागपत में 358 में बुलंदशहर में 268 अपराधियों कुल 3884 अपराधियों का सत्यापन किया गया है। यह विशेष अभियान महिला सुरक्षा को पुख्ता करने की दिशा में एक बड़ी और प्रभावशाली कार्रवाई है।

# विश्व ब्राह्मण संघ ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ भारत के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत के वरिष्ठ राजनेता एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की और उनका पटका पहनाकर एवं फूलों का बुके भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत-सत्कार किया।

प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिव संजय कौशिक, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा, अनिल बेताला, जिला महासचिव पंकज शर्मा, शहर अध्यक्ष हापुड़ महेंद्र वशिष्ठ सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र को परम पूज्य ब्राह्मण शिरोमणि स्वर्गीय पं. मांगेराम शर्मा के द्वितीय स्मरण



दिवस 14 अक्टूबर 2025 को हापुड़ में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। आमंत्रण स्वीकार करते हुए कलराज मिश्र ने कहा कि परम श्रद्धेय स्व. पं. मांगेराम मेरे बड़े भाई के समान थे। उन्होंने शिक्षा, समाज सेवा और विकास के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह अद्वितीय है। उन्होंने भारत ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर भी समाज उत्थान के लिए कार्य किया। वे हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। चेयरमैन पं. रविकांत ने कहा कि स्वर्गीय पं. मांगेराम शर्मा का पूरा जीवन समाज, संस्कृति और शिक्षा के प्रति समर्पित रहा। आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में देशभर से संत, विद्वान और समाजसेवी एकत्र होकर उनके योगदान को याद करेंगे। प्रतिनिधिमंडल द्वारा दी गई इस सौजन्य भेंट के दौरान आपसी सौहार्द, शिक्षा और ब्राह्मण समाज की एकता को लेकर भी चर्चा हुई।

# सर्राफा की दुकान से सोने की चैन चोरी कर महिला फरार, घटना सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में सर्राफा बाजार में खरीदारी के बहाने एक महिला द्वारा सर्राफा व्यापारी को अपनी बातों में उलझा कर सोने की चौन लेकर रफू चक्कर होने का मामला सामने आया है। महिला द्वारा सर्राफा व्यापारी की दुकान से सोने की चैन चोरी की वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सर्राफा व्यापारी ने मामले की शिकायत पुलिस से की। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार में विकास जैन नीटू की सर्राफा की दुकान है। जहाँ दुकान पर एक महिला आई और सोने के आभूषण देखने लगी। देखते ही देखते महिला



ने सर्राफा व्यापारी को अपनी बातों में उलझा लिया और मौका लगते ही महिला सोने की चैन चोरी कर फरार हो गई। व्यापारी को ज़ब सोने की चैन चोरी होने की जानकारी हुई तो उन्होंने महिला को तलाश करने की कोशिश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद सर्राफ व्यापारी ने दुकान में लगे सीसीटीवी की जाँच की। महिला द्वारा चैन चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसके बाद सर्राफ व्यापारी ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। सर्राफ व्यापारी की शिकायत के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है।

# नगर निगम का सबसे बड़ा बजट पारित

## मूल बजट 690 करोड़ 82 लाख 96 हजार में 145 करोड़ 11 लाख 03 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार की अध्यक्षता में आज नगर निगम कार्यकारणी ने नगर निगम सहारनपुर के इतिहास का सबसे बड़ा पुनरीक्षित बजट पेश किया। मूल बजट 690 करोड़ 82 लाख 96 हजार में 145 करोड़ 11 लाख 03 हजार की बढ़ोत्तरी करते हुए लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार का पुनरीक्षित बजट प्रस्तुत किया। बजट की एक विशेषता यह भी रही कि वार्डो के त्वरित विकास के लिए बजट में 30 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था रखी गयी है।



लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित बजट में नगर निगम ने स्वअर्जित आय ( कर एवं करेत्तर राजस्व ) का लक्ष्य 76 करोड़ 55 लाख से बढ़ाकर 99 करोड़ 23 लाख 10 हजार रखा है। बजट में जहां निर्माण विभाग का बजट 276 करोड़ 40 लाख से दस करोड़ बढ़ाकर 286 करोड़ किया गया है वहीं जलकल विभाग का बजट 54 करोड़ 80 लाख से घटाकर 49 करोड़ 55 लाख किया गया है। यानि जलकल विभाग का बजट सवा पांच करोड़ कम किया गया है। कार्यकारणी द्वारा बजट पर चर्चा के बाद नगर निगम मे शामिल हुए 32 गांवों के विकास के लिए छह करोड़ रुपये अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान भी किया गया।

कार्यकारणी ने सभी धर्मो के अंत्येष्टि स्थलों की चारदीवारी और हाईमास्ट लाइट के लिए भी चार करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में की है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने डबनी वाला कब्रिस्तान के निकट स्थित तालाब के पास कुछ लोगों द्वारा किये जा रहे कब्जे के प्रयास को रोकने तथा कब्रिस्तान के बाहर अवैध रुप से डाले गए टीन शेड को भी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कब्रिस्तान की जल निकासी की व्यवस्था करने के आदेश भी अधिकारियों को दिए।

इससे पूर्व पार्षद मंसूर बदर ने जानना चाहा कि स्वकर प्रणाली के जो फॉर्म भरवाए जा रहे है, क्या उनका सत्यापन भी कराया जायेगा ? उन्होंने 32 गांवों के लिए अलग से बजट रखने की भी मांग की। जबकि अभिषेक अरोड़ा टिंकू ने जीआईएस सर्वे टीम के एक ऑपरेटर पर गंभीर आरोप लगाते हुए टीम को सहानपुर से वापिस भेजने की मांग की। उन्होंने गौशाला का बजट बढ़ाने और गौशाला का विस्तार करने की भी मांग की। पार्षद राजेंद्र कोहली का कहना था कि अंबाला रोड की एक ही मार्किट में टैक्स की वार्षिक दरे अलग-अलग है।

पार्षदों की मांग पर नगरायुक्त ने शासन से आये मयूटेशन सम्बंधी नियमों को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। पार्षद फजलुर्रहमान, पार्षद आरती दिवाकर व सुलेख चंद ने भी अपने-अपने वार्डो के मुद्दे उठाये जिन पर नगरायुक्त शिपू गिरि तथा महापौर ने पार्षदों को कार्रवाई के आश्वासन दिए। कार्यसमिति की बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, महाप्रबंध जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद व एमएनएलपी सच्चिदानंद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# आईएमटी में छात्रों को आगे बढने की दी प्रेरणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में नवप्रवेशित छात्र छात्राओ के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, निदेशक डॉ अंजू वालिया व नवप्रवे. शित छात्रों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

संस्था चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को जीवन में संघर्ष कर सफलता प्राप्त करने के बारे में बताया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में छात्रों को जीवन के प्रमुख अनुभवों को शेयर करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस दौरान उनके द्वारा छात्रों से सवाल पूछे गए तथा जवाब देने वाले छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। संस्था की निद. ेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ प्रतिवर्ष छात्रों से रूबरू होकर उनमें एक नई ऊर्जा भर देते हैं। इसके पश्चात छात्र नए जोश के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित हो जाते हैं। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर किसानों का ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी रविंद्र त्यागी के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की।



कलैक्ट्रेट में रविंद्र त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में गन्ना कोल्हुओं में पेराई प्रारंभ हो चुकी है, जिनमें गुड़ बनाने हेतु वास्तविक ईंधन के स्थान पर जूते-चप्पल, प्लास्टिक व अन्य कचरे का उपयोग किया जा रहा है। इससे भयंकर प्रदूषण फैल रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने का खतरा है। प्रशासन से इस संबंध में तुरंत कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम कोटा में पैदल पथ न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्राम के पूर्व दिशा में चार स्कूल स्थित हैं, जहां बच्चों व अभिभावकों का प्रतिदिन आना-जाना रहता है। इस विषय में उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्राम सिड़की में सहारनपुर मुजफ्फरनगर राज्य राजमार्ग (59) पर प्रकाश व्यवस्था का अभाव है, जिसके चलते चोरी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ज्ञापन देने वालों में रविंद्र त्यागी, राजकुमार त्यागी, बिलाल अली, डॉ. सर्वेश शर्मा, तसव्वर, रशीद, प्रिया त्यागी, सुनीता देवी, मरगूब राव और राज सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## चौपाल का आयोजन

**चिलकाना।** थाना महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बरथाकायस्थ पठेड़ के पंचायत भवन में मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत चौपाल आयोजित करके महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

बुधवार को में मिशन शक्ति इंचार्ज महिला एसआई सुमन, महिला हेड कांस्टेबल ज्योति रानी द्वारा ग्राम सचिव बसंत कुमार व ग्राम प्रधान तबरेज अंसारी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन में महिलाओं की एक चौपाल आयोजित की गई। उक्त चौपाल में मौजूद सभी महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पंपलेट वितरित किये गए। वहीं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पावर लाइन नंबर, आपातकालीन पुलिस सेवा नंबर के बारे में भी बताया गया।

# विधायक चौ.किरत ने दी विकास की नई सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गंगोह विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई बयार बह रही है। बुधवार को विधायक चौधरी कीरत सिंह और पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी ने ग्राम दौलतपुर उर्फ चापरचिड़ी में विधायक निधि से निर्मित सड़कों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

लोकार्पण समारोह के दौरान मॉजूद भीड को संबोधित करते हुए विधायक कीरत सिंह ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सड़कों का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से आवागमन आसान होगा और गांवों को विकास की नई दिशा मिलेगी। वहीं, पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र



की प्रगति की रीढ़ होती हैं। ये सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गति. विधियों को नई गति प्रदान करेंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार ग्रामीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, प्रधान प्रेम चंद सैनी, पूर्व प्रधान त्रीसुपाल आर्य,जयपाल सिंह,निदौष सैनी, सुशील सैनी, कुलदीप उपाध्याय, संजीव कुमार, चौधरी सहसपाल, रवि सैनी मेघराज सैनी,संदीप कुमार,राजकुमार खेड़ी, नवीन खटाना,अनुज प्रधान, सुशील कोरी, पूर्व प्रधान पप्पू, बिलू धीमान ,प्रशात सैनी, सहित भारी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

# यूपीपीसीएल की लापरवाही पर सीईओ ने जतायी नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओध्नगरायुक्त शिपू गिरि ने कार्यदायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. के प्रतिनिधियों से नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके कार्यो से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु निर्देश दिए जाने के बावजूद न तो किसी ठेकेदार पर कार्रवाई की गई है और न ही समस्याओं का समाधान हुआ है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए यू.पी.पी.सी.एल. के चेयरमैन एवं संस्था के एम.डी. को पत्र लिखकर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।



स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शीपू गिरि आज यहां शाकुभरी सभागार में स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने यू.पी.पी.सी.एल. द्वारा पांवधोई नदी के किनारे बनाई जा रही रिटेनिंग वॉल के शेष कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी की कार्यदायी संस्थाओं नगर निगम, मैसर्स आर.सी. सी., सी एंड डी.एस, यू.पी. नेडा, यू. पी.पी.सी.एल., यू.पी.आर.एन.एन., यू.पी.आर.एन.एस.एस, एन.ई.सी., एस.डी.ए. एवं हाइडल आदि के प्रति. निधियों ने हिस्सा लिया। सीईओ शीपू गिरि ने स्मार्ट सिटी की 103 परियोजनाओं में से जिनकी वित्तीय प्रगति पूर्ण हो चुकी है, उनका कार्यदायी संस्थाओं द्वारा ऑडिट कार्य शीघ्र पूरा कराने पर जोर दिया। उन्होंने अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप यादव को यू.पी. आर.एन.एन. द्वारा निर्मित किए जा रहे हैबिटेट सेंटर के कार्य का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को दिए जाने वाले सेनेटेज की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए। प्रत्येक कार्यदायी संस्था की फाइल की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी न की गई हो तथा कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया गया हो। यदि गुणवत्ता में कमी या देरी पाई जाए तो उस कार्यदायी संस्था के सेनेटेज में कटौती की जाए। बैठक में स्मार्ट सिटी टीम एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा चल रही परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा बैठक में अपर नगरायुक्तध् अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, जीएम (सिविल) दिनेश कुमार सिंघल, कंपनी सचिव शंकर तायल सहित विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता, परियोजना प्रबंधक एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया

**सढौली कदीम।** बेहट भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्ति के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



वाल्मिकी सेवा समिति की महिला विंग द्वारा भारतीय संस्कृति के जन्मदाता सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के मौके कस्बे के मौहल्ला सड़कपार बाल्मीकि बस्ती में स्थित वाल्मीकि मंदिर में प्रात:काल में नित नेम का पाठ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म, सत्य और मानवता के संदेशों का स्मरण किया। नित नेम पाठ के पश्चात ध्वजारोहण (झंडा कार्यक्रम) संपन्न हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। झंडारोहण के समय वातावरण "जय वाल्मीकि जी की" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में बल्ली महाराज और गुलशन भारती ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके द्वारा रचित रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने समाज को ज्ञान, समानता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान आकांशा बिरला, प्रिया, नंदिनी, ज्योति, मिनाक्षी, मीनू, पूजा,मीनू, मोनिका, सुहानी, गोरी, अमृता, शिवानी आदि मौजूद रहे।

# चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत ग्राम भोगपुर ग्राम बटन वाला ग्राम आलहेडी में महिला चौपाल का आयोजन किया।



इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। चौपाल में बीट महिला आरक्षी प्रीति ग्राम सचिव पुष्पेंद्र, ग्राम प्रधान अरविंद कुमार,आरक्षी सुरेखा ,और होमगार्ड सुमित ने हिस्सा लिया। उन्होंने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, और बाल कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा, गुड टच-बैड टच, बाल मजदूरी की रोकथाम, डिजिटल अरेस्ट, और साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। महिलाओं को साइबर अपराधों से सतर्क रहने और संदिग्ध लिंक या कॉल से बचने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उन्हें चेतावनी भी दी गई। इस पहल ने महिलाओं में जागरूकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पतंग के चक्कर में छत से गिरकर बालक की मौत

**गंगोह।** मंगलवार की शाम कटीं पतंग पकड़ने के चक्कर में एक बालक की संतुलन बिगड़ने से छत से गिरने से दर्दनाक मौत हो गई।

गांव सांगाठेड़ा निवासी 13 वर्षीय बालक आसकीन पुत्र महबुब घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग कट जाने पर वह तेजी से कटी पतंग पकड़ने के लिए उसके पीछे भागा, मगर भागते समय उसका संत. ुलन बिगड़ जाने से वह दो मंजिली बिल्डिंग से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक को तुरंत निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां जांचोपरांत डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से मच गया। मां व बहनों का रोरो कर बुरा हाल है। देर सायं बेहद गमगीन माहौल में उसे सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

# सोफिया इन्टरनेशनल स्कूल की टीम ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तरीय अन्तर विद्यालय वॉली बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने जिला स्तरीय खिताब जीत कर ट्राफी अपने नाम की।



प्रतियोगिता में सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम के साथ साथ, जी आर डी एकेडमी, एक्मे ग्लोबल स्कूल, सेंट मैरी एकेडमी, आर डी इंटरनेशनल स्कूल, के एल जी पब्लिक स्कूल,ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल, खालसा पब्लिक स्कूल, हरि इंटरनेशनल स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल, दून प्राइड स्कूल, दून हिल्स एकेडमी, कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल समेत 13 विद्यालयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें के एल जी पब्लिक स्कूल, आर डी इंटरनेशनल स्कूल, कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल और सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम सेमीफाइनल में पहुँची। सेमीफाइनल में बहुत ही रोमांचक तरीके से सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने फाइनल में अपना स्थान बनाया। आर डी इंटरनेशनल स्कूल और सोफिया इंटरनेशनल स्कूल के बीच हार और जीत का फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक हुआ। जिसमें सोफिया इंटरनेशनल स्कूल ने 13-15, 15-13,15-13 अंकों के साथ जिला स्तरीय अन्तर विद्यालय वॉली बॉल प्रतियोगिता अपने नाम की।

आर डी इंटरनेशनल स्कूल की टीम प्रथम रनर अप और कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल की टीम तृतीय स्थान पर रही। अविरल को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा गया। कोच दीपांशु, प्रदीप कुमार विपिन कुमार आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि दिव्य जैन द्वारा विजेता टीम सहित द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही टीम और मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगी टीमों के प्रयासों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता मुख्य रुप से चेयरमैन कोणार्क चौधरी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी, कॉर्डिनेटर अर्पिता विजान,राजेश कुमार,केशव अग्रवाल, किरण, स्वाति, पूनम, रजनी, वैशाली, सुनीता, बंदना, निधि, हेमा, शगुन, पारुल, शिवानी, मीनाक्षी, गरिमा, सोनिया, पूजा, शिवांशु, अभिषेक, रमन, अजय, सौरभ, दलजीत, प्रदीप, रोहित आदि उपस्थित रहें।

# जीएसटी रिफॉर्म जनता के लिए उपहार: निम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म व्यापारियों व आम जनता के लिए उपहार साबित हुआ है। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।



बाईपास रोड स्थित रॉयल पैलेस में आयोजित जीएसटी कार्यशाला/सम्मेलन में पहुँचे विधायक देवेंद्र निम का व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया।संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता अद्भुत है।जीएसटी की दरों में कमी से बड़ा बदलाव हुआ है।इससे न केवल व्यापारियों को बल्कि आम जनता को भी बड़ी राहत मिली है।आम जनता के लिए महंगाई का बोझ कम हुआ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कदम से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी जो भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने के लक्ष्य को सशक्त बनाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार हो राज्य सरकारें सभी का एकमात्र उद्देश्य आम जनता,किसान, व्यापारियों के कल्याण के लिए कार्य करना है। भाजपा सरकार आने के बाद देशवासियों के जीवन में खुशहाली बढ़ी है।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री वीरेंद्र पुंडीर, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी,पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष नवीन गुप्ता, संदीप मित्तल, संजीव मित्तल, नितिन छाबड़ा,सरदार परमिंदर सिंह, राजेश गोयल, मदन अग्रवाल, रवि गुप्ता, अब्दुल गफ्फार, महबूब चौधरी, ऋषभ सिंघल आदि बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## त्रैमासिक बैठक का आयोजन

**चिलकाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी में प्रथम त्रैमासिक संकुल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद सके छह विकास क्षेत्र से आए हुए खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी शिक्षक संकुल ने प्रतिभाग किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डायट प्राचार्य व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार पाठक ने कहा कि प्रत्येक अध्यापक को शिक्षक संदर्शिका का निरंतर सप्ताहवार, तिथिवार व कालांशवार उपयोग करना चाहिए। निपुण भारत मिशन अपने लक्ष्यो को प्राप्त करने के अंतिम दौर में है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 व फरवरी 2026 में डाइट प्रशिक्षुओ के द्वारा थर्ड पार्टी निपुण असेसमेंट किया जाएगा। इसलिए निरंतर निपुण प्लस एप के माध्यम से आकलन व निपुण तालि. का में तिथि अंकित की जानी चाहिए।

# अनुष्का बनी एक दिन की एसडीएम



**नकुड़।** के.एल.जी.एम. इंटर कॉलेज नकुड़ की कक्षा 12 की छात्रा अनुष्का पुत्री सुनील कुमार को बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन का उपजिलाधिकारी बनाया गया। अनुष्का ने तहसील पहुंचकर अधिकारियों संग बैठकों में भाग लिया और जनसमस्याओं का समाधान किया।

वास्तविक उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने अनुष्का का स्वागत करते हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम की उपयोगिता और बालिकाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा, वरिष्ठ प्रवक्ता संध्या सिंह, सुभाष गुप्ता और अरुण वत्स ने छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि अनुष्का जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा हैं। अनुष्का ने कहा कि यह अनुभव उनके जीवन का अहम क्षण है और अब वह सच्चे अर्थों में एसडीएम बनकर समाज सेवा करना चाहती है।

### सूचना

मैने अपने पुत्र पंकज को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**विक्रम सिंह पुत्र दलमीर सिंह निवासी ग्राम शेरपुर गुर्जर, थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर।**

# खेलों से होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास: डीएम

## नेहरू स्टेडियम में जनपदीय माध्यमिक विद्यालीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में 69वीं उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव, उपाध्यक्ष एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी मौ.आमिर खान, संयोजक एवं प्रधानाचार्य आरजेपी कैप्टन बिशनलाल, संयोजिका एवं केपीएस प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता की देखरेख में आरंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा दीप प्रज्वलित व शान्ति के प्रतीक खेल ध्वज फहरा कर एवं कबूतर उड़ाकर किया गया।





इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल बेहतर समन्वय एवं नेतृत्व की क्षमता उत्पन्न करता है। साथ ही खेलों से शारीरिक एवं मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास में वृद्धि व ध्यान केंद्रित आदि की प्राप्ति होती है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव ने कहा कि खेलों से खिलाड़ियों में समय प्रबंधन, अनुशासन और दृढ़ता जैसे गुणों का विकास होता। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केपीएस इंटर कॉलेज द्वारा स्वागत गीत एवं किसान इंटर कॉलेज मंडावली, आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आरजेपी इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा पीटी की गई। एनसीसी एवं स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। संयोजक बिशन लाल एवं संयोजिका संगीता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नेहरू स्टेडियम में सुधीर कुमार राजपूत, अरशद अली, डॉ. पवन कुमार, नौशाद अख्तर, डॉ. मंजू देवी आदि ने मनभावन रंगोली बनाई।

इस अवसर पर एडीआईओएस जितेंद्र कुमार, निशात यादव जीआईसी प्रधानाचार्य, धर्मवीर सिंह, सुभाष चंद्र, राकेश कुमार शर्मा, खेल प्रभारी, डॉ. निर्मला शर्मा, केआईसी प्रधानाचार्य, सुनीति त्यागी, प्रधानाचार्य जीजीआईसी बिजनौर मोहम्मद इरफान प्रधानाचार्य बीआईसी बिजनौर, मीरा रानी प्रधानाचार्य आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मजहर नामी प्रधानाचार्य मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर, मेघराज सिंह प्रधानाचार्य आरएचएस इंटर कॉलेज हल्दौर, भूपेंद्र कुमार प्रधानाचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद, सुभाष चंद्र प्रधानाचार्य आ. ग्रा. इंटर कॉलेज चंदक, ऋषि राम प्रधानाचार्य बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद, इंद्रपाल सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज अस्करीपुर, शबाना परवीन प्रधानाचार्य निजीमुद्दौला नजीबाबाद, उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, चंचल पांडेय, नागेंद्र कुमार, राहुल कुमार, मौहम्मद यूनुस, अतिफ, राजेंद्र सिंह सोलंकी, निधि, विजेंद्र कुमार, खुशी रानी, अजय कुमार, आलोक कुमार, कमल उपाध्याय, अरुण कुमार, अतुल कुमार, डॉ. सुनील कुमार, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन गयूर आसिफ, मनोज कुमार यादव, चंद्रहास सिंह व राजेंद्र सिंह सोलंकी ने संयुक्त रूप से किया।

## विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के लिए नगर पालिका में बैठक



### सुझाव देने के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर पालिका परिषद किरतपुर में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के तहत फीडबैक प्राप्त करने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान एवं अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में उपस्थित वार्ड सभासदगण एवं गणमान्य नागरिकों को विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्म निर्भर भारत, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प 2047 के अंतर्गत शासन द्वारा चिन्हित 12 सेक्टरों में अपने सुझाव देने हेतु प्रेरित किया गया।

अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक नागरिक से विकास के लिए मूल्यवान सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से QR कोड व ऑनलाइन लिंक जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से जनता अपने विचार साझा कर सकती है। बैठक में प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेंद्र सिंह, ज्ञानेश्वरा नंद, बाबूराम सहित सभी पालिका कर्मचारी एवं वार्ड सभासदगण उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि जयंती पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

### सुंदर झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मौजपुर जैतरा में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और पूर्व प्रधान आदित्य चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत वाल्मीकि समाज की ओर से पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। शोभा यात्रा गांधी आश्रम जैतरा से प्रारंभ हुई और ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। वहीं कई स्थानों पर



हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि, मां शेरावाली, वीर हनुमान, राम दरबार, खाटू श्याम, राधा-कृष्ण और मां सरस्वती की भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अखाड़ा दलों ने भी अपने अद्भुत प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया।

यात्रा अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए वाल्मीकि मंदिर, गांधी आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई, जहां वाल्मीकि समाज के लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर राजीव टांक (अध्यक्ष), राकेश सेलवान (महामंत्री), अरविंद सेलवान (कोषाध्यक्ष) विवेक कुमार, बबलू सिंह, राहुल कुमार, दीपक कुमार, सौरभ कार्तिक, सुरेश , मुकेश कुमार, अरविंद सिंह, भूपेंद्र कुमार, दिव्यांशु, रोहित सहित नवयुवक वाल्मीकि समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## रामायण पाठ का समापन

**किरतपुर।** संत शिरोमणि महर्षि वाल्मीकि के प्रकोत्सव के मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वाल्मीकि आश्रम मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में चल रहे वाल्मीकि रामायण पाठ का विधिवत समापन हुआ।

सुबह भगवान वाल्मीकि की पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके उपरांत प्रभात फेरी निक.ाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। शाम को वाल्मीकि मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे वाल्मीकि ध्वज, उसके पीछे बैंड दल और भगवान वाल्मीकि की अखंड ज्योति रही। मंगलवार को ही वाल्मीकि मंदिर में अखंड पाठ का आरंभ हुआ था, जिसमें भजन-कीर्तन और संध्या आरती का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में दयाल सिंह, प्रेम भगत, राजीव प्रसाद, विक्की, महेश चंद्र, प्रकाश, ओमी, कपिल, गुड्डू, सुंदर, विशाल परचा, सूरज, रमेश, अशोक आदि सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# ठाठजट में 11 अक्टूबर को होगा विशाल दीपावली मिलन समारोह

## विधायक राणा ने अपने कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर 11 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल दीपावली मिलन समारोह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उनके निवास स्थान ग्राम ठाठजट में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 40 से 50 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

विधायक राणा ने बताया कि यह दीपावली मिलन समारोह क्षेत्रीय स्तर पर अब तक का सबसे बड़ा जनसमारोह होगा। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा जिले के विभिन्न कोनों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दीपावली के इस पावन पर्व पर सामाजिक और



राजनीतिक एकता का संदेश दें।

प्रेस वार्ता के दौरान विधायक राणा ने अपने कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धामपुर विधानसभा में रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण, रोडवेज बस अड्डे का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग (हाईवे) का चौड़ीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर हैं। विधायक ने कहा कि इन विकास योजनाओं से धामपुर क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि धामपुर में अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भी अंतिम चरण में है, जिससे नगर में जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही विधायक ने घोषणा की कि भगत सिंह चौक धामपुर पर घड़ी टावर व लाइट लगाने का कार्य शीघ्र ही उनकी विधायक निधि से कराया जाएगा। वहीं शीला टॉकीज के पास पुलिया निर्माण की फाइल जिला कार्यालय भेजी जा चुकी है, और जल्द ही उसका निर्माण कार्य शुरू होगा।

विधायक राणा ने कहा कि 11 अक्टूबर का यह कार्यक्रम न केवल दीपावली का उत्सव होगा, बल्कि यह जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का भी अवसर बनेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से धामपुर विधानसभा का विकास तीव्र गति से हो रहा है और आने वाले समय में धामपुर जिले के सबसे अग्रणी क्षेत्रों में शामिल होगा। नीरज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## अकबर को पांच साल का कठोर कारावास व बीस हजार के अर्थदंड की सजा

**किरतपुर।** 21 जून 2024 को पीड़िता द्वारा थाना किरतपुर पर तहरीर दी गई थी कि अकबर पुत्र मौहम्मद अरशद निवासी मौहल्ला शीशग्रान, किरतपुर ने पीड़िता और उसकी देवरानी की पुत्री को घुमाने के बहाने स्कूटी पर बैठाकर ले गया था। जहां दोनों के साथ गलत हरकत की गई और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मु.अ.सं. 291/24 धारा 363, 354, 506 भादवि व धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मामले में स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। लंबी सुनवाई के बाद आज माननीय विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, बिजनौर ने आरोपी अकबर को धारा 10 पॉक्सो एक्ट व धारा 363, 506 भादवि के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास और बीस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

# धामपुर शुगर मिल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत दो वर्षों से लगातार मिल से जुड़े गांवों में नि:शुल्क मोबाइल हेल्थ सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मिल परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकों, कर्मचारियों, बच्चों और उनके परिवारों सहित लगभग 220 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर दवाइयां प्राप्त कीं।

शिविर का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिकों व कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की और कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। मिल परिवार का हर सदस्य स्वस्थ रहेगा तो उत्पादन भी सशक्त होगा।



यह स्वास्थ्य शिविर पीएचडी रूरल सर्विसेज, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। संस्था के अनुभवी चिकित्सक डॉ. सुमित यादव व मुख्य फार्मासिस्ट मौहम्मद उस्मान ने प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श दिया। उल्लेखनीय है कि धामपुर शुगर मिल द्वारा जुलाई 2023 से अगस्त 2024 तक कुल 120 स्वास्थ्य शिविर विभिन्न गांवों में आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें लगभग 12,272 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इनमें से पांच शिविर आंखों की जांच के लिए लगाए गए थे, जिनमें 783 मरीजों का उपचार हुआ तथा 507 पुरुषों और महिलाओं को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वर्तमान वर्ष में तक अब तक 130 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 15,945 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इनमें से छह शिविर आंखों के उपचार हेतु लगाए गए, जबकि आगामी दिनों में छह और नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक गन्ना ओमवीर सिंह, इंजी. नियरिंग हेड अभय शर्मा, एचआर हेड विवेक सिंह यादव, कारखाना महाप्र. बंधक विजय कुमार गुप्ता, मनोज चौहान, अजय पांडेय, विशेष शर्मा, शरद गहलोत, राजेश कश्यप, सुरजन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, उत्तम सिंह, वीरेंद्र यादव, शिखर चंद आदि मौजूद रहे। शिविर के संचालन में कमल सिंह पंवार, विजय कुमार, कविता रानी व राजेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। श्रमिकों और कर्मचारियों ने इस पहल के लिए मिल प्रबंधन का आभार जताया और कहा कि धामपुर शुगर मिल न केवल उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी मिसाल पेश कर रही है।

## एक नजर

### भाकियू का टोल प्लाजा पर धरना



**किरतपुर।** नेशनल हाईवे पर अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं ने भनेड़ा टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने करीब एक घंटे तक टोल फ्री रखा और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश कुमार से किसानों ने वार्ता की। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हाईवे से जुड़ी अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी। किसानों ने ज्ञापन में गांव बुढ़पुर नैन सिंह की सर्विस रोड, स्वाहेड़ी मेडिकल कॉलेज की सर्विस रोड, गांव चाड़कतुर्क में किरतपुर बिजलीघर से अंडरपास तक और वहां से पश्चिम दिशा की सर्विस रोड का निर्माण कराने की मांग की। इसके अलावा मोचीपुरा और जलालाबाद में नालों के निर्माण व 132 केवीए लाइन से प्रभावित किसानों की फसलों का उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग की गई। धरना स्थल पर कुलवीर सिंह, गजेन्द्र सिंह, ब्लाक अध्यक्ष अरविंद राजपूत, मुकुल राजपूत, मनोज कुमार, बृजेश आदि किसान मौजूद रहे।

### मुंशी प्रेमचंद को अर्पित की पुष्पांजलि

**कोतवाली देहात।** मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जन चेतना का कार्य किया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को अपने कलाम के माध्यम से उठाया। मुंशी प्रेमचंद ने दबे कुचले वर्ग की आवाज को लेखनी के माध्यम से बुलंद किया। इस अवसर पर मुंशी प्रेमचंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को पंकज ठाकुर, मोहित शर्मा, ब्रज बहादुर सिंह, मनजीत सिंह, राजीव शर्मा, आदर्श शर्मा आदि ने संबोधित किया।

### प्रधान की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई

**कोतवाली देहात।** ग्राम उमरी के प्रधान अली ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके नाम से किसी ने फेसबुक पर प्रधान उमरी के नाम से फर्जी आईडी बना रखी है। उक्त आईडी से आपत्तिजनक कमेंट किए जा रहे हैं, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। शहबाज अली ने आईडी के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कोतवाली देहात।** ग्राम मिर्जापुर महेश उर्फ बांकपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से 1 अक्टूबर को रामलीला देखने ग्राम पेरूवाला गया था। रात्रि 11:00 बजे जब वह वापस आने के लिए मोटरसाइकिल लेने गया तब मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। काफी ढूंढने के बाद भी मोटरसाइकिल नहीं मिली। सुरेंद्र सिंह ने घटना की तहरीर थाने में दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोटर साइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मधुमक्खियों के हमले में तीन घायल

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर बस अड्डे के पास मधुमक्खियों के दल ने रास्ते से जा रहे राहगीरों पर हमला कर दिया। हमले में ग्राम शादीपुर निवासी अनमोल वर्मा, सचिन वर्मा, वंश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने धुआं करके मधुमक्खियों को भगाया। घायलों का निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है।

## एक नजर

### भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत



**कोतवाली देहात।** कोतवाली ब्लॉक के वार्ड 4 से भाजपा से संभावित प्रत्याशी सोनू सैनी ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर पटका पहनाकर स्वागत किया। सोनू सैनी ने मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा को एक पत्र देकर कहा कि यदि भाजपा कोतवाली ब्लॉक के वार्ड नंबर 4 से मुझे अपना प्रत्याशी बनती है। तो मैं यह सीट भाजपा को कई हजार मतों से जीतकर भाजपा के खाते में दूंगा। क्षेत्र का विकास करूंगा। सोनू सैनी ने सुभाष शर्मा से कहा कि आप मेरा मांग पत्र जिले प्रदेश के उच्च पदाधिकारी को देकर मुझे भाजपा से समर्थित कैंडिडेट बनाने की अपील करें।

### कैंटर में विद्युत तार फंसने से मचा हड़कंप



**नहटौर।** आज दोपहर करीब तीन बजे एक डीसीएम कैंटर ईदगाह की ओर से आ रहा था। धामपुर मार्ग पर ईदगाह मोड़ पर डीसीएम में लटके विद्युत केबिल फंस गए। केबिल खींचने के दौरान पास में ही रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के तारों में आग लग गई और ट्रांसफार्मर से तेल निकलकर नीचे गिरने पर हड़कंप मच गया। एक बच्ची भी चपेट में आने से बाल बाल बच गई। सूचना पर विद्युत विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीएम कैंटर को रोक लिया गया। जेई चेतराम सिंह का कहना है कि लाईन को सही कराया जा रहा है।

### वायुसेना स्थापना दिवस मनाया



**हल्दौर।** नगर के एक बैंक्वेट हॉल में भारतीय वायुसेना स्थापना दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त वायु सैनिकों द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने एक-दूसरे को वायुसेना दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश की सुरक्षा में वायुसेना के अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर सीताराम सिंह ने कहा कि भारतीय वायुसेना न केवल देश की सीमाओं की रक्षा करती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं, राहत और बचाव अभियानों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान सूरजमल, सुरेश चंद्रा, ब्रह्मपाल सिंह, यशपाल सिंह, गोपाल शरण, रजनीश चौहान, योगेश कुमार शर्मा, चंद्रशेखर सिंह, ओमकार सिंह, दिनेश कुमार, लाल बहादुर सिंह, देवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, राजेश कुमार दिवाकर सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### भाकियू की मासिक बैठक



**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख मुद्दा बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों का लंबित गन्ना भुगतान रहा। संगठन के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने कहा कि मिल की लापरवाही के कारण किसानों के गन्ने का समस्त बकाया भुगतान न होने से आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। बैठक में बिजनौर तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि गन्ना पेराई सत्र प्रारंभ होने से पूर्व गन्ने का मूल्य 500 प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। जिलाध्यक्ष नितिन सिरो.ही ने बिजनौर से होकर गंगा एक्सप्रेसवे निकालने, क्षेत्र में गुलदार व संरक्षित पशुओं से किसानों को राहत दिलाने तथा स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। किसान संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को लगभग एक हजार पोस्टकार्ड भेजे गए। बैठक में शुभम चौधरी, अशोक कुमार, संजीव कुमार, मोहित कुमार, नतेंद्र प्रधान, महाशय घनश्याम सिंह, टीकम सिंह, विपिन कुमार, बोबी, अशोक कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण न होने से परेशानी

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद तहसील मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम अकबरपुर चौगांवा में एक सड़क कई दशकों से नहीं बनी। जिससे सड़क पर चलना ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। चौक बाजार से होती हुई अकबरपुर चौगांवा, मलूकवाली, भोगपुर, बिजौरी, नयागांव होते हुए यह सड़क दर्जनों गांवों को नजीबाबाद शहर से जोड़ती है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते यह सड़क कई दशकों से नहीं बनी है। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। टूटी सड़क पर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम मलूकवाली, भोगपुर व बिजौरी आदि गांव के ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राएं इसी रोड से होकर निकलते हैं। जिससे उनका इस रोड से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है। इन गांवों के छात्र-छात्राएं पांच किलोमीटर लम्बा सफर कर नजीबाबाद विद्यालय में पहुंच रहे है। इस कारण छात्र-छात्राओं का काफी समय बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़क की जल्दी बनवाने की मांग की है।

### शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का गठन

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा निवासी डॉ. कृष्ण दत्त ने क्षेत्र के दबे कुचले, मजलूमों व सभी समाज के गरीब लोगों की आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक स्थिति को देखते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने को शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी के माध्यम से समाज के खासकर दलित व मुस्लिम समाज के लोगों को जोड़कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने व उन्हें उनके अधिकार दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी मुस्लिम व दलित समाज के लोगों से आगे आकर उनकी पार्टी से जुड़ने व उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए मजबूती प्रदान करने की अपील की है। शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का डॉ. कृष्णदत्त राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौ. ताहिर हुसैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

# 10 से 15 अक्टूबर तक होगा जैन गजरथ महोत्सव

## जिलाधिकारी मनीष बंसल ने महोत्सव की तैयारियों के लिए जैन समाज के लोगों संग की बैठक, दिये दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 10 अक्टूबर को होने वाली वार्षिक जैन गज रथ महोत्सव यात्रा को निर्विघ्न ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विभिन्न विभागों और जैन समाज के लोगों के साथ बैठक की की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



10 अक्टूबर को जैन समाज की जैन वार्षिक गजरथ महोत्सव यात्रा निकालनी है यह यात्रा छ दिवसीय होती है। इस यात्रा को निर्विघ्न और भव्य ढंग से उत्साह पूर्वक संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के साथ जैन समाज के पदाधिकारी संग बैठक की बैठक में बिजली विभाग को जर्जर तारों को बदलने और जो तारे नीचे या झूल रही हैं जर्जर है उनको सही करने के निर्देश जारी किया तो वही नगर निगम को सड़क मार्ग बिल्कुल दुरुस्त करने के आदेश दिए पेयजल व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया इसके अलावा यातायात को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए चिकित्सा सुविधा को भी इस संबंध में निर्देश दिए गए इसके अलावा कई विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। आपको बता दें कि 10 अक्टूबर को जैन वार्षिक हजरत महोत्सव यात्रा जैन बाग वीर नगर मंदिर जिसे प्रारंभ होकर श्री दिगंबर जैन कॉलोनी चिल. काना रोड जैन बाग रायवाला रानी बाजार हलवाई हट्टा सराफा बाजार नया बाजार चौक फावारा मोरगंज बडतला यादगार रानी बाजार से होते हुए वापस जैन बाग स्थित जैन मंदिर की में पहुंचेगी जहां पर श्रीजी का अभिषेक होगा वही 14 अक्टूबर को जल कलश यात्रा चिलकाना रोड स्थित नवनिर्मित लार्ड महावीर अकैडमी में जाएगी जहां से बाद में वापसी जैन बाग आएगी तो वहीं 15 अक्टूबर को यात्रा एक बार फिर भव्य ढंग से नगर मार्गो पर रहेगी। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि हम जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों और उठाए गए इसके लिए कदम को लेकर बेहद प्रसन्न है यह सभी व्यवस्था अगर सुचारू रूप से लागू हो जाती हैं तो निश्चित रूप से जैन समाज को इससे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने सुरक्षा और यातायात के लिए भी निर्देश जारी कर दिए हैं वहीं अधिकारियों को भी मौके पर जाकर व्यवस्था देखने के लिए कहा है जैन समाज के संरक्षण और भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि हमारे लिए यह बड़े गौरव की बात है कि जैन समाज की यह वार्षिक गजरथ यात्रा पूरे वर्ष में एक बार निकलती है और 6 वर्षीय यात्रा होती है इसमें सकल जैन समाज प्रतिभाग करता है और यह 6 दिन हमारे लिए बड़े ही उत्साह से परिपूर्ण होतेहैं।

मीटिंग में सीडीओ सुमित महाजन अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर सिंह एसपी सिटी ब्यूम जिंदल सिटी अपर नगर आयुक्त प्रदीप यादव मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सभी विभागो के अधिकारियों सहित जैन समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# जम्मू कश्मीर में भी खेल को बढावा देगा रालोदः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर पहुंचे राष्ट्रीय लोक. दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी रालोद खिलाडियों को प्रोत्साहन देगा।

राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित चाड़ओरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह का राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के श्रीनगर प्रभारी इश्फाक हमीद भट्ट व उनकी टीम ने श्रीनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। उन्होने कहा कि खेल हमारे अमूल्य जीवन का अहम हिस्सा है। खेलो से मानसिक, शारीरिक विकास होता है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है, खेलो के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी युवाओं को खेलो में आगे बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। इसलिए आज देश का युवा राष्ट्रीय लोकदल से बड़े पैमाने पर जुड़ रहा है। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित, सम्मानित किया जाएगा।

# कोतवाली में मायके पक्ष का हंगामा

**नकुड़।** विवाहिता के साथ मारपीट के मामले में नामजद आरो. पियों पर कार्यवाही न होने से नाराज मायके पक्ष के लोगों ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस पर दहेज के आरोपियों को बचाने का गंभीर आरा. प लगाए।

भाजपा नेता अनिल सैनी के नेतृत्व में गांव हसनपुर, लद्देबांस, जुड्डी, सुरुपुरतगा उर्फ नीची नकुड़ निवासी सेठपाल, सन्नी, वतन सिंह, कीर्ती सिंह, बालेश सैनी, सुखबीर सिंह, नीटू सैनी, मांगेराम चौधरी, जयकरण सिंह, नवाब (छापुर), महिपाल सिंह, सेठपाल आदि ने कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस दहेज लोभी नामजद आरोपियों को संरक्षण दे रही है, तथा प्रकरण में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# निगम की जमीनों पर बने स्कूल व अस्पतालः टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में समाजवादी पार्टी के पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पर जोर दिया।



टिंकू अरोडा ने कहा कि एक फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर एक फर्म के द्वारा पिछले कई महीने से करोड़ों रुपए के कार्य किए जा रहे है पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा की शिकायत पर जांच कमेटी बनाई गई थी जांच कमेटी में जांच के उपरांत उस पत्र को फर्जी घोषित कर दिया गया लेकिन फिर भी जलकल अनुभव नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा ना ही तो ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की गई और ना ही कोई वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई गई है। लगातार वो टेंडर प्रक्रिया में भाग ले रहा है उसे तत्काल ब्लैक लिस्ट कर वैज्ञानिक कार्रवाई करने की मांग की गई। टिंकू अरोड़ा ने गाजियाबाद नगर निगम की तर्ज पर जैसे नगर निगम ने अपनी जमीनों पर स्कूल इंटर कॉलेज और अस्पताल बना रखे हैं वैसे ही सहारनपुर नगर निगम भी सहारनपुर जनता के हित में अस्पताल और कॉलेजो का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करवाये जिससे नगर की जनता को लाभ मिल सके इसके अलावा प्रमुखता से जी आई सर्वे को लेकर टिंकू अरोड़ा ने कहा कि सर्वे के माध्यम से नगर निगम टैक्स विभाग के कर्मचारी नगर की जनता का उत्पीड़न कर रहे हैं जिस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आर्थिक रूप से सशक्त होगा देशः जसवंत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश की जनता आर्थिक रूप से सशक्त बन सके।



मंत्री जसवंत सैनी दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती कर आम जनता को बड़ी राहत दी है। सरकार ने महसूस किया कि कुछ वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में कमी आवश्यक है, इसलिए इसमें संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो जीएसटी दरों में और कमी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना आत्मनिर्भर भारत का है, जिसके लिए स्वदेशी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। युवाओं की मेहनत और लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित कर देश को औद्योगिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है।

एक सवाल के जवाब में मंत्री सैनी ने कहा कि विपक्ष केवल खामियां निकालने में लगा है, जबकि केंद्र सरकार हर व्यक्ति तक राहत और सहायता पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी को घर-घर पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, नगर विधायक राजीव घूमर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, मेयर डॉ. अजय सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मेला राम पवार, डीसीडीएफ अध्यक्ष सोनेन्द्र राणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डा. धर्मसिंह व साहिल ने काटा फीता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए विवेक चौहान मेमोरियल ट्रस्ट नकुड़ द्वारा आयोजित 19वे रक्तदान शिविर में नगर व आसपास के 62 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में सुबह से ही युवाओं और समाजसेवियों का उत्साह देखने लायक था।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, युवा नेता साहिल खान और अजीत चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में रक्त संग्रह का कार्य जिला अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने संभाला। आयोजन को सफल बनाने में देवेंद्र चौहान, डॉ. अमित चौहान, चंद्रशेखर मित्तल, संतोष शर्मा, राशिद खान, नौशाद अब्बासी, जसवीर कश्यप, ठा. नैनपाल सिंह, ईश्वर चंद्र फौजी, सुमित सैनी और पूर्व सभासद शमशाद खान की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार, भाकियू (भानू) के जिलाध्यक्ष राजू माजरा, और कांग्रेस नेता वीरसेन योगी भी उपस्थित रहे। ट्रस्ट सदस्यों ने कहा कि नियमित रक्तदान से न सिर्फ जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह सामाजिक एकता और मानवता को मजबूत करने का प्रतीक भी है।

# लडकियों के साथ लडकों को भी करना होगा जागरूकः अभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था पाइनवुड स्कूल में मिशन शक्ति 05 के अन्तगर्त आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने डीआईजी. अभिषेक सिह के नेतृत्व में छात्राओं को विभिन्न हैल्पलाइन नंबर व साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया।



दिल्ली रोड स्थित पाइनवुड स्कूल के सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ सहारनपुर परिक्षेत्र के डी.आई.जी. अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ अशोक कुमार सिसोदिया, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, पाइनवुड स्कूल की डायरेक्टर श्रीमति संतोष गुप्ता व प्रधानाचार्य डा. संजीव जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। डी.आई.जी. अभिषेक सिह में कहा कि बालिकाओं को इन कानूनों के प्रति जागरूक करने के साथ ही लडको को भी इसकी जानकारी देनी चाहिए ताकि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। एसपी सिटी व्योम विन्दल ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया। एसपी कि यातायात सिद्धार्थ वर्मा ने मिशन शक्ति अभियान पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न हैल्प लाइन नंबरों के साथ ही सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि सोसाइटी से जुड़े विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में भी इस तरह के अभियान चलाये जा रहे है ताकि छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक कर उनके साथ होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्कूल के की डायरेक्टर सन्तोष गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉ. सजीव जैन ने सभी अतिथियों का आभार जताया। डीआईजी अभिषेक सिंह ने बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बाजार को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन व वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक एस एस राणा, रामपुर कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र नागर, महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर, थाना साइबर क्राइम के एसआई साबिर अली, एसआई मंजू शर्मा, निरीक्षक सनुज यादव के अलावा मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज की शिक्षिका एवं छात्राएं मौजूद रही।

# धरना स्थल पहुंचे मिल प्रशासन के अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** शाकम्भरी शुगर मिल टोडरपुर पर किसानों के बकाया भुगतान को लेकर चल रहे धरने को आज लगातार ग्यारह दिन हो गए हैं। बढ़ती ठंड व कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी किसानों का हौसला अडिग नजर आ रहा है और अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर डटे हुए हैं।

बुधवार को धरना स्थल पर किसानों के बीच मिल प्रबंधन के पर्सनल ऑफिसर नायब सिंह पहुंचे। उन्होंने से किसानों से वार्ता कर भरोसा दिलाया कि मिल मालिक किसानों के भुगतान की व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं और मिल को शीघ्र बेचने का प्रयास भी जारी हैं। फैक्ट्री चलने के लिए लगभग तैयार है, केवल कुछ तकनीकी कमियाँ रह गई हैं जो कि जल्द ही पूरी की जाएँगी। किसानों का भुगतान सुरक्षित है और शीघ्र दिया जाएगा। हालाँकि किसानों ने दो टूक कहा कि वह अब केवल वायदों से नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई और निश्चित भुगतान तिथि चाहते हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक भुगतान की वास्तविक प्रक्रिया शुरू नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा।

इस दौरान चौ. सितम सिंह, चौ. देवी सिंह, चौ. ताहिर चेयरमैन, चौ. जाबिर हसन, सतीश शर्मा, हाजी मुकर्रम, चौ. हाशिम, कय्यूम प्रधान, चौ. अशरफ अली, श्याम कंबोज, चौ. आकिल, डॉ. मेघराज, इंतजार गौर, चौ. नारायण चेयरमैन, अनिल सैनी, डॉ. कुलदीप, राजेश चेयरमैन एवं अन्य किसान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्तदान







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम द्वारा सपा दिग्गजों की अगुवाई में लगाये गये रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्तदान एकत्र किया गया। एकत्र किया गया रक्त थेलेसिमिया से पीडित बच्चों को नया जीवन प्रदान करेगा।

सडक दूधली में लगाये गये रक्तदान शिविर में कैराना सांसद इकरा हसन, राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसेन, सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, पूर्व मंत्री काजी शायान मसूद, वरिष्ठ नेता साहिल खान की विशेष मौजूदगी रही।

सांसद इकरा हसन ने रक्तदान शिविर के लिये आयोजन रूही अंजुम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे शिविर सामाजिक समरसता को बढावा देने में कारगार होते है। समाज के लिये रक्तदान से बेहतर कोई माध्यम नहीं है। राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसेन ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों पर चलते हुए रूही अंजुम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज को नई दिशा देने का काम किया गया है।

सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने आयोजन के लिये रूही अंजुम को शुभकामनाएं देते कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को धरातल पर उतारने का काम किया है। पूर्व मंत्री काजी शायान मसूद ने कहा कि रक्तदान से बडी कोई सेवा नहीं है। एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन लोगों की जिंदगी बच सकती है।

वरिष्ठ नेता साहिल खान ने कहा कि रक्तदान शिविर आपसी एकता व देशभक्ति की भावना को दर्शाते है। आपसी समन्वयता के साथ आयोजित शि. विर न केवल लोगों को धर्म जाति की भावना से ऊपर उठकर जाने का संदेश देता है, बल्कि भावी पीढी को भाईचारे की प्रेरणा भी देता है। आयोजक रूही अंजुम ने कहा कि थेलेसिमिया से पीडित बच्चों के लिये रक्त एकत्र कर उन्हें नई जिंदगी देना समाजसेवा का एक बेहतरीन माध्यम है।

इस दौरान ब्यूटीशियन फराह खान, रूही अंजुम के पति मारूफ खान, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष अनुज, प्रवेज मलिक, डा.मंसूफ, इंतखाब आजाद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एक दिन की एसडीएम से मिले एमएलसी शाहनवाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक दिन की एसडीएम सदर बनी मुगल माजरा की बेटी शोयबा इंतजार से सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने मुलाकात करते हुए लोगों की समस्याओ से अवगत कराते हुए उनके निस्तारण की मांग की।

एक दिन की एडीएम सदर बनाई गई शोयबा इंतजार मुगल माजरा के रहने वाले इंतजार की बेटी और एडवोकेट तारिक इंतजार की बहन है। उनके एक दिन के लिये एसडीएम सदर बनते ही सबसे पहले सपा एमएलसी शाहनवाज खान लोगों की समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं बताकर उनके समाधान की मांग की। जिस पर शोयबा इंतजार ने अधिनस्थों को बुलाकार समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान अमजद महमूद, अदनान चौधरी, जुबैर खान, मैनपाल राणा, तारिक एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# भगवान वाल्मीकि जयंती मनाई, निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** भगवान वाल्मीकि कि जयंती समारोह पर समाजसेवी विवेक नामदेव ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया

नगर में भगवान वाल्मीकि कि शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा वाल्मीकि मंदिर से रवाना हुई यात्रा से पूर्व पूर्व डीसीडीएफ चौयरमेन कृष्ण कुमार पुंडीर व भाजपा नेता विवेक नामदेव ने फीता काट कर शुभारंभ किया शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोहा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर रात्रि में महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर जाकर संपन्न होगी। इस दौरान राहुल वाल्मीकि, गोपाल वाल्मीकि,हरीष, रोबिन, विक्की, अरूण, अमन, सुशील, संदीप, अक्षय, सन्नी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे

# देशभक्ति व सेवा का सुंदर संगमः डा.मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय वायुसेना दिवस के उपलक्ष में फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा 229वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 121 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।




आज बेहट कस्बे में ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने बताया कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का उद्देश्य सहारनपुर को 100 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद बनाना है। आज वायुसेना दिवस पर यह शि. विर देशभक्ति और जनसेवा का सुंदर संगम है, जहाँ लोगों ने अपने रक्त के माध्यम से जीवनदान का संकल्प लिया। शिविर संयोजक डॉ मनीष सैनी ने कहा कि युवाओं की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि समाज में सेवा की भावना निरंतर बढ़ रही है। हर तीन माह में नियमित रक्तदान कर हम अनेक जिंदगियाँ बचा सकते हैं। विशेष सहयोगी रमन शर्मा ने कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। फैक्ट्री या प्रयोगशाला में रक्त नहीं बनाया जा सकता, यह केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। उन्होंने खुद्द भी रक्तदान कर संदेश दिया कि वायुसेना दिवस के अवसर पर इस शिविर ने देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया है।

रक्तदान शिविर में भोला सैनी, डा विवेक सैनी, रीता गुप्ता, मोहिनी सैनी, शालू मित्तल, आशीष, शांतनु आदि ने भाग लिया।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )**

पत्रांक civil/2043/C दिनांक 8/10/25

**-अल्पकालीन निविदा सूचना-**

समस्त अनुभवी ठेकेदारों से मिल के विभिन्न सिविल सम्बन्धित कार्यों हेतु दिनांक 11.10.2025 तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनाक 10.10.2025 से 11. 10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में रू 100.00 प्रति निविदा जी.एस.टी सहित जमा कर प्राप्त किये जा सकते है. अन्य नियम व शर्तों के सम्बन्ध में सिविल कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**( अंकित कुमार )**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**

# सीडीओ ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने निर्माणाधीन कार्य को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुख्य विकास अधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय पीपली का औचक निरीक्षण किया। इस बीच आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी अटल आवासीय विद्यालय में पहुंची। उन्होंने सबसे पहले कंस्ट्रक्शन कार्य देखें जो अधूरे पाए गए तो उन्हें जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। अटल आवासीय विद्यालय में ग्राउंड पूरा तैयार नहीं था, निर्देश देकर कहा कि जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाए। अनेकों जगह पाइपलाइन लीक हो रही थी लिहाजा उसको देखकर जल्द ही ठीक करने के निर्देश दिए। बाथरूम को भी चेक किया गया। जहां पानी लीकेज की समस्या थी उसे दूर करने को कहा गया। इसके अलावा वह गर्ल्स और बॉयस के हॉस्टल में भी पहुंची जहां उन्होंने रहने और सोने आदि की व्यवस्था को दिखा। इसके बाद वह क्लास रूम में पहुंची। जहां छात्राओं से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और उनसे सवाल जवाब भी किया। साथ ही एसडीएम विनय कुमार सिंह को निर्देश देकर कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हर सप्ताह यहां पर छात्राओं का चेकअप भी करें। इसके अलावा आवश्यक रूप से आयरन की टेबलेट भी उन्हें वितरित करें। वह मेस में पहुंची और खाने को चेक किया, कच्चा खाना जैसे दूध, पनीर आदि को चेक किया गया। इसके अलावा मेस



में बन रहे खाना जैसे दाल चावल सब्जी को चेक करके देखा गया। एसडीएम बिलारी को निर्देश देकर कहा कि यहां पर सिक्योरिटी के तौर पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाए ताकि सिक्योरिटी दुरुस्त रहे। आवश्यक दिशा निर्देश देकर कहा कि समय-समय पर कॉलेज में पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य आदि भी जाने और उनकी समस्याओं को भी जाने, क्लास रूम में बच्चों की पढ़ाई की स्थिति को देखा बच्चों से सवाल जवाब भी किए। उन्होंने जवाब भी दिया। इस मौके पर अटल आवास योजना के प्रिंसिपल ने उनका स्वागत किया और विद्यालय की बारीकियां भी बताई।

# सड़क निर्माण में चल रही ढील के चलते ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आखिर जिसका डर था वही हो गया सड़क चौड़ीकरण में चल रही ढील के चलते सड़क किनारे खड़ा ट्रक पलट गया जिसमें एक रिक्शा दब गई, गनीमत रही की कोई गंभीर हादसा नहीं हो पाया लोगों ने सड़क चौड़ीकरण में तेजी लाए जाने की मांग की है। बतादे की सहसपुर से छजलैट तक सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। कुछ दिन से इस काम में हुई ढील के कारण नगर में सड़क का चौड़ीकरण पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कर रहे ठेकेदार की ढील के चलते जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं लोगों ने इस मामले की एसडीएम से शिकायत कर दुर्घटना की आशंका जताई थी और सड़क निर्माण जल्द कराए जाने की मांग की थी। उन्होंने विभाग को पत्र भी लिखा लेकिन इसके बावजूद भी सड़क निर्माण में तेजी नहीं आई रात को एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ अचानक नीचे धंस गया और देखते ही देखते पलट गया बताया गया कि वहां खड़ी एक ई रिक्शा भी ट्रक की चपेट में आ गई गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई इसका पता लगते ही ठेकेदार ने सुबह ही थाने के सामने खुदे हुए एक बड़े गड्ढे को तो बंद करा दिया लेकिन निर्माण कार्य में कोई तेजी दिखाई नहीं दिखाई दी।



नगर के लोगों ने सड़क के चौड़ीकरण का काम कस्बे के अंदर तुरंत कराए जाने की मांग उठाई है।

# दीनदयाल नगर में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खत्री सभा रजि. मुरादाबाद द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए कांठ रोड स्थित दीनदयाल नगर फेस-2 में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह सेंटर मुरादाबाद चौरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर तथा एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्थापित किया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज विनोद खन्ना, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और पीएमएस स्कूल के फाइनेंस ट्रस्टी मनोज आहूजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य अतिथि डॉ. नीरज विनोद



खन्ना ने कहा कि खत्री सभा द्वारा समाजहित में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का यह कदम अत्यंत सराहनीय है। जो नि:स्वार्थ सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में खत्री सभा के संरक्षक योगेंद्र स्वरूप खन्ना, महासचिव कमल अरोड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक कपूर, सह सचिव शरद कपूर समेत महानगर के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार समाज ने मनाया महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के देहरी गांव स्थित प्रिंस सेलिब्रेशन में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज द्वारा समाज के आदि पुरुष महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भाव से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री के पी.आर.ओ. गंगा राम राजभर, जिलाध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी तथा जिला. उपाध्यक्ष आशु सिक्का उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन और शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने मंच से आग्रह किया कि मुरादाबाद नगर के एक प्रमुख चौराहे का नाम "महाराज अजमीढ़ जी" के नाम पर रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ समाज के इतिहास और अपने आदि पुरुषों के योगदान से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज की पहचान और गौरव को नई ऊंचाई



देगा।मेयर विनोद अग्रवाल से इस प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए संगठन की मजबूती, शिक्षा में अग्रणी भूमिका और सामाजिक एकजुटता आवश्यक है। सभी ने समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## एक नजर

### यप स्टार परिवार हुआ सम्मानित

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** यप स्टार परिवार एवं यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों एव संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा को वेव मॉल में आयोजित समान समारोह में उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर होने के लिए सम्मानित किया गया। संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा ने सम्मान प्राप्त करने के बाद ईश्वर को प्रणाम करते हुए आशीर्वाद मांगा और कहा कि ग्रुप ऐसे ही समाज सेवा में नए से नए परचम लहराया करे।नेहा मेहरोत्रा ने आयोजकों और क्लब सदस्यों का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया और कहा कि बिना टीम के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम यप मुरादाबाद का हिस्सा हैं।यह समारोह वेव मॉल में आयोजित किया गया था, जहां यप स्टार परिवार और यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों को उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर रहने के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, उमा प्रीति दिव्या, शालिनी, वीनू आहूजा, कविता, कीर्ति, राशि, शोभना, दीप्ति, चांदनी, अनामिका, अमृता, सोनिया, एकता, नीतू, मेघा, भावना, रविंदर, प्रियंका, मानसी, सिमरन, दीपाली, स्वाति, अपूर्वा, रूपम, स्नेहा आदि मौजूद रहे।

### ऑफलाइन स्थानांतरण सूची के आश्वासन पर शिक्षकों ने खत्म किया धरना

**चन्दौसी।** ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर गांधी पार्क में चल रहा प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का धरना सोमवार को समाप्त हो गया। धरना खत्म होने के बाद शिक्षक अपने-अपने घर लौट



गए। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें दीवाली के आसपास ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी होने का आश्वासन मिला है। प्रदेश भर के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक पिछले कई दिनों से माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के. के. बिश्नोई के हस्तक्षेप के बाद 1 अक्टूबर की शाम धरना गांधी पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के एक बयान में शिक्षकों को विपक्ष के अराजक तत्व कहे जाने से नाराजगी फैल गई थी। इसके बाद शिक्षकों ने 7 अक्टूबर को महापंचायत बुलाने की घोषणा कर दी। स्थिति को संभालने के लिए 6 अक्टूबर को एसडीएम और सीओ ने शिक्षकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की राज्यमंत्री से वार्ता कराई। वार्ता में मंत्री ने आश्वासन दिया कि दीवाली से चार दिन पहले या चार दिन बाद तक ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी कर दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों ने धरना समाप्त कर दिया। ऑफलाइन स्थानांतरण संघर्ष समिति के अध्यक्ष शुभेन्द्र शरण त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव नीबी गहरवार, मिर्जापुर पहुंचे और परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया है, लेकिन यदि मांग पूरी नहीं होती है तो दीवाली के दस दिन बाद से पुन: धरना शुरू किया जाएगा।

### करवाचौथ पर महिलाओं के लिए भव्य प्रदर्शनी का आयोजन

**चन्दौसी।** करवाचौथ के अवसर पर नगर में मुरादाबाद की संस्था सांई प्रबंधन ड्रीम बाजार के सौजन्य से भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन, कॉस्मेटिक उत्पादों और रेडीमेड वस्त्रों सहित विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिन्हें देखने और खरीदारी करने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस प्रदर्शनी में मुरादाबाद, बरेली, अमरोहा और बदायूं सहित कई जिलों के स्टॉल लगाए गए हैं। रेडीमेड सूट और साडिय्यों के स्टॉल लगाने वाली हिमांशी वार्ष्णेय ने बताया कि प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में महिलाएं आकर खरीदारी कर रही हैं। सांई प्रबंधन संस्था की संचालक रचना गुप्ता ने बताया कि संस्था समय-समय पर विभिन्न शहरों में प्रदर्शनी लगाकर महिलाओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ के मौके पर यह प्रदर्शनी महिलाओं के बीच उत्साह और खरीदारी का विशेष केंद्र बनी हुई है।



# एस.एम. इंटर कॉलेज में हुआ 12वां जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी में 12वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने दीप प्रज्वलित करके एवं ध्वजारोहण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने की। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक (बालक) दयाशंकर और संयोजिका (बालिका) अंजू गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला क्रीड़ा सचिव सचिन शर्मा और जिला क्रीड़ा सहसचिव संजीव कुमार भी कार्यक्रम में सक्रिय रहे। इस अवसर पर एस.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज बेरनी के प्रधानाचार्य, एफ.आर. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन सहित कई अन्य प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अनुशासन समिति में योगेश बाबू, मंच संचालन में ए.के. सिंह, लेखा समिति के प्रभारी (बालक) मनोज कुमार, (बालिका वर्ग) गणेश सिंह, प्राथमिक चिकित्सा के प्रभारी नेमचंद और मीडिया समिति में मनोज कुमार प्रभारी एवं आकाश शर्मा





ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। श्री अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया। हीरा देवी कन्या इंटर कॉलेज बहजोई ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया जिसके उपरांत श्रीसनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी द्वारा लोकनृत्य किया गया। बी.एम.जी. कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी ने धार्मिक पृष्ठभूमि पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त अनिल कपूर, जिला बेसिक क्रीड़ा सचिव के नेतृत्व में छात्राओं ने शानदार पी.टी. का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद खेल प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। इसमें मसाला दौड़ और 800 मीटर दौड़ (बालक एवं बालि. का) का आयोजन किया गया।दौड़ प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग 800 मीटर दौड़ (बालिका) में प्रथम स्थान स्वाति (संकुल सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान वंदना (संकुल किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान शांति (संकुल सिपाही लाल इ. का. राजपुरा), 600 मीटर दौड़ सब जूनियर (बालिका) में प्रथम स्थानरू काजल (सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान संजना (किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान राखी (जनता इंटर कॉलेज जुनवाई) ने प्राप्त किया।

समारोह में खिलाडिय्यों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा प्रदान की। शेष प्रतियोगिताएं आज संपन्न कराई जाएगी।

### स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर बैठक

**मुरादाबाद।** शहरी क्षेत्र में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्ति करण के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान स्थानीय स्तर पर तैयार कराए गए उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करके हस्तशिल्पियों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संबंध में शासन स्तर से निर्देश हैं। शहरी क्षेत्र में दिए, झालर, मोमबत्ती, अगरबत्ती आदि तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा ताकि यह समूह अपने उत्पादों की बिक्री कर सके तथा आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बन सके। बैठक में एसडीएम सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ ही चिन्हित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# एसएमएस में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतिभा मेले में एमएलसी ने बच्चों के मॉडल को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व प्रतिभा मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सुंदर मॉडल भी बनाए।

इस मौके पर विधान परिषद सदस्य व भूतपूर्व खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री गोपाल अंजान ने बच्चों के मॉडल को देखा और उन्हें सराहा। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए थे। बुधवार को आयोजित प्रतिभा मेले में कक्षा 1 से 8 तथा कक्षा 12 के कॉमर्स के छात्राओं ने सुंदर मॉडल भी तैयार किए। कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस के अनेकों मॉडल बनाएं। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने साइंस से संबंधित अनेकों मॉडल तैयार किए, जिसमें बच्चों ने किडनी मॉडल,आंख का मॉडल, इसरो चंद्रयान, वोल्कानो, सोलर पैनल, आदि के मॉडल तैयार किए। एमएलसी गोपाल अंजान ने बच्चों की प्रतिभा को देखा उसके बाद बेहतर मॉडल का चुनाव करके बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निदेशक डॉ अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, उप प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा के अलावा भारी तादाद में स्टाफ भी मौजूद रहा।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने चलाया महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत मंगलवार को जनपद सम्भल में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों तथा महिला पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपालों, स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने पम्पलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि के बारे में बताया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 इत्यादि की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य है महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक सुरक्षित, सशक्त और सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।







# यह स्मार्ट तरीका नहीं

हालांकि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। श्रीमती अंगमो की यह मुलाकात उच्चतम न्यायालय के श्री वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग वाली उनकी याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी करने के एक दिन बाद हुई। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ वकील रीतम खरे भी थे, लेकिन इसी बीच जानकारों ने कहा कि सुशासन और लोकतंत्र का आधार यह है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों के हल के लिए पर्याप्त लचीलापन और साधन प्रदान करता है। शासन में ज्यादा स्वायत्तता की वैध मांग के रूप में शुरू हुई समस्या से निपटने का स्मार्ट तरीका यह नहीं है कि शांतिपूर्ण ढंग से असहमति दिखानेवालों की एहतियाती हिरासत की इजाजत देने वाले कानूनों का दुरुपयोग किया जाए, बल्कि यह है कि इसके निवारण का रास्ता खोजा जाए। इसका यह मतलब नहीं है कि लद्दाख में राज्य के दर्जे और छठवीं अनुसूची के लिए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी में संलिप्त रहे लोगों को कानून से बच निकलने दिया जाए। इसके बावजूद, इन प्रदर्शनों की प्रतिक्रिया में जलवायु एक्टिविस्ट और समाज सुधारक सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत गलत है। वांगचुक लद्दाख की वैध लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के निरंतर और शांतिपूर्ण पैरोकार रहे हैं। पूरे लेह और कारगिल जिलों, साथ ही तमाम धार्मिक, जातीय (एथनिक) और राजनीतिक पहचानों ने इन आकांक्षाओं के साथ जुड़ाव दिखाया है। लद्दाख की पर्यावरणीय और आजी. विका-संबंधी चिंताओं से निपटने की खातिर विधायिका के लिए सतत आंदोलन के साथ, उनके द्वारा अहिंसक असहमति का सहारा लेना, आजादी के आंदोलन के दौरान और उसके बाद स्थापित भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक मिजाज के अनुरूप है। भारतीय राज्य की सुरक्षा को उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए बने कानून का इस्तेमाल शांतिपूर्ण ढंग से असहम. ति जताने वाले व्यक्ति के खिलाफ करना, लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के लिए समस्याजनक असहिष्णुता को सामने लाता है। हालिया फैसलों में, सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि कानून और व्यवस्था के मसले और लोक व्यवस्था के लिए खतरे के बीच साफ-साफ अंतर किया जाना चाहिए। एनएसए लोक व्यवस्था के लिए है, जिसके दायरे में वो कृत्य आते हैं जो समुदाय की समरसता में खलल डालते हैं। ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे वांगचुक के एक्टिविज्म के इस मापदंड तक पहुंचने का पता चलता हो। ऐसा लगता है कि केंद्र अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और यह दिखाने के लिए कि उनकी कार्रवाइयां ह्लोक व्यवस्था के लिए सचमुच खतरा थीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपेक्षित आवश्यक व्यक्तिपरक संतुष्टि तक पहुंचने में नाकाम रहा। केंद्र की प्रतिक्रिया ने साफ तौर पर, असहमति को राजद्रोह जैसे कृत्यों से जोड़ने की कोशिश की है। वांगचुक का मामला इकलौता नहीं है, अतीत में असहमति का गला घोंटने और सामान्य प्रक्रिया को दरकिनार करने के लिए इसी तरह के कानूनों का इस्तेमाल किया गया, जैसा कि भूतपूर्व जम्मू एवं कश्मीर के विशेष दर्जे के समापन के बाद कश्मीरी राजनीतिज्ञों की हिरासत के मामले में देखा गया।

## आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त



2027 में सपा सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी, कोई कल्पना कर सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में जज साहब के ऊपर जूता फेंका गया हो या जूता निकल गया हो, आज मैं आजम खान साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे, आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं, आजम खान पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे, आजम खान यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं, जो यूनिवर्सिटी को बर्बाद कर रहे हैं, वह समाज में हर चीज को बर्बाद कर रहे हैं, 2027 में भारतीय जनता पार्टी को जनता हटाने जा रही है, 2027 में जनता आगे होगी भारतीय जनता पार्टी पीछे दिखाई देगी।

**अखिलेश यादव**
**सपा अध्यक्ष**

# जल संकट का विज्ञान और समाधानः रुड़की से उठी वैश्विक आहट

## जलवायु परिवर्तन के दौर में जल प्रबंधन ही मानवता की सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है





**मौ. फहीम (तन्हा)**

पानी-धरती पर जीवन की पहली और सबसे स्थाई शर्त पर आज यही पानी हमारी सभ्यता के लिए सबसे गंभीर संकट बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और असंतुलित विकास ने वह परिस्थिति पैदा कर दी है जहां जल ही जीवन नहीं, संघर्ष का कारण भी बन चुका है। ऐसे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघकी बारहवीं वैज्ञानिक सभा केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक चेतावनी और अवसर, दोनों का प्रतीक है।

### ज्ञान का संगम और संवाद की आवश्यकता

इस वैश्विक सभा में 49 देशों के 627 वैज्ञानिक और नीति निर्माता एक मंच पर जुटे। 682 से अधिक शोध प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण हैं कि विज्ञान जल संकट को केवल 'प्रकृति की समस्या' नहीं, बल्कि 'मानव-निर्मित चुनौती' के रूप में समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन का यह कथन कि 'जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आधारशिला है' दरअसल इस सम्मेलन का सार है। आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान जब वैज्ञानिक शोध को नीति और समाज से जोड़ते हैं, तब ज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जनजीवन की दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

### वैश्विक संकट, स्थानीय प्रभाव

संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम **World Water Development Report** के अनुसार, दुनिया की करीब 40 प्रतिशत आबादी जल तनाव (**Water Stress**) का सामना कर रही है।

2050 तक वैश्विक जल मांग में 20.30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि जल स्रोत सिकुड़ रहे हैं। भारत में ही प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में जहां 5177 घन मीटर थी, वह अब घटकर 1486 घन मीटर रह गई है। जो जल संकट के गंभीर स्तर का संकेत है।

हिमालई क्षेत्र-जहां से भारत की अधिकांश नदियां निकलती हैं, जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना, असमान वर्षा और चरम मौसमी घटनाएं आने वाले दशकों में गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन के जल संतुलन को अस्थिर कर सकती हैं। ऐसे में रुड़की जैसे संस्थानों की भूमिका केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मानवीय दोनों है।

### विज्ञान से नीति तकः सेतु की दरकार

यह सच है कि जलवायु परिवर्तन की चर्चा हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर होती है, लेकिन 'जल प्रबंधन' अक्सर उन विमर्शों में पीछे रह जाता है। विज्ञान बताता है कि जलवायु परिवर्तन का पहला और सबसे प्रत्यक्ष असर 'जल चक्र' पर पड़ता है। वर्षा के पैटर्न, भूजल पुनर्भरण, नदी प्रवाह और बाढ़-सूखे के चक्र में। ऐसे में आवश्यकता है कि वैज्ञानिक डेटा, स्थानीय अनुभव और नीति निर्णय एक-दूसरे के पूरक बनें।

आईआईटी रुड़की में हुई यह सभा इसी दिशा में उठाया गया कदम है। जहां जल वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सामाजिक संगठनों ने मिलकर 'विज्ञान से व्यवहार तक' के मॉडल पर चर्चा की। यह वह सेतु है जो शोध को नीति में और नीति को जमीन पर उतारने में मदद करता है।

### भारत की भूमिकाः नेतृत्व और जिम्मेदारी

भारत अब केवल जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देश नहीं रहाय वह एक 'जल नीति मॉडल' पेश करने की स्थिति में है। गंगा स्वच्छता अभियान, अटल भूजल योजना, अमृत मिशन और राष्ट्रीय जल मिशन जैसे कार्यक्रमों ने यह दिखाया है कि सरकारी इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक सहयोग साथ मिलें तो परिवर्तन संभव है। परंतु इन योजनाओं की स्थिरता तभी सुनिश्चित होगी जब वे समुदाय-केंद्रित हों। जल का विज्ञान केवल पाइपलाइन या जलाशय नहीं, बल्कि मानव आचरण का विज्ञान भी है।

### भविष्य की दिशाः लचीलापन और साझेदारी

आईआईटी रुड़की में आयोजित यह सम्मेलन इस विश्वास को मजबूत करता है कि विज्ञान में सहयोग ही भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब 49 देशों के वैज्ञानिक एक साथ यह सोचते हैं कि पानी को बचाने के लिए कैसे विज्ञान, तकनीक और नीति एक-दूसरे के साथ कदमताल करें, तो यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक उम्मीद की शुरुआत है।जैसा कि आईआईटी रुड़की के निद. ेशक प्रो. के.के. पंत ने कहाः यह सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाच. ारों को प्रेरित करेगी। यह वाक्य उस दिशा की ओर इशारा करता है जहां 'जल नीति' और 'जल विज्ञान' एक-दूसरे के पर्याय बन जाएं।

### निष्कर्षः अब समय जल संरक्षण का ही नहीं बल्कि सभ्यता निर्माण का है

दुनिया में आने वाले वर्षों में युद्धों का कारण शायद विचारधारा नहीं, जल की उपलब्धता होगी। ऐसे में भारत जैसे देश, जिनके पास वैज्ञानिक संसाधन और सामाजिक दृष्टि दोनों हैं, उन्हें विश्व समुदाय के लिए 'जल शांति' के मॉडल प्रस्तुत करने होंगे। रुड़की से उठी यह आवाज दरअसल एक वैश्विक चेतावनी है कि, अब समय केवल जल संरक्षण का नहीं, बल्कि जल-संवेदनशील सभ्यता निर्माण का है।

# मन की बात बोल देने वाला यंत्र...

*इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है, लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे, शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया, ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है*



हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके? और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति सम्बंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।

दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की को. शिश हुई है कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था।

इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है।

हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिका. धिक जरूरी होती जा रही हैं।

(स्रोत फीचर्स)

# करवाचौथ पर हर्बल प्रसाधनों से दें अपने चेहरे को चांद सा निखार



**शहनाज हुसैन**

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के सौंदर्य से सीधे तौर से जुड़ा है। इस विशेष उत्सव पर सुहागन महिलाएं सज धज कर पति की आरती उतार कर उनकी मंगल कामना करते हुए सूर्योदय से चंदर्योदय तक ब्रत रख कर उनके लम्बे स्वास्थ्य जीवन की कामना करती हैं। करवा चौथ के पवित्र दिन सभी बिबाहित महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी, बिन्दी तथा पूरे श्रृंगार के साथ दिन भर अपने जीवन साथी की लम्बी उम्र तथा सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए निर्जल व्रत तथा पूजा करती हैं। इस तयौहार में महिलाएं पुरे उत्साह से संजने संबरने के बाद अपने पति के लम्बी उम्र तथा स्वस्थ्य के लिए पुरे बिधि बिधानों के साथ ब्रत और पूजा करती हैं।

इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है। हालांकि आजकल महिलाओं में सजने संव. रने में ब्यूटी पार्लर और मॉल का प्रचलन शुरू हो गया है लेकिन अगर आप सचमुच सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो ब्यूटी पार्लर के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू हर्बल प्रसाधनों के उपयोग से आप हुसन की मलिका बन सकती हैं तथा आप दमकी दमकी नजर आएंगी चाहे मौसम का मिजाज कूछ भी हो। करवा चौथ से पहले हाथों तथा पावों की सुंदरता पर फोक्स करने के बाद मेहंदी लगाएं। मेहंदी लगाने के दो घंटे बाद नीम्बू और चीनी के मिश्रण से इसे हटा दें। आप अपनी त्वचा को साफ करके उस पर सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए तैलीय त्वचा के लिए



एस्ट्रीजन्ट लोशन का प्रयोग करने के बाद पाऊडर लगाऐ। तैलीय त्वचा के लिए ज्यादा पाऊडर का प्रयोग मत करें तथा चेहरे के तैलीय भागों पर ही ध्यान दे। पूरे चेहरे तथा गर्दन पर हल्की गीली स्पंज से पाऊडर का प्रयोग करें। इससे चेहरे का सौंदर्य लम्बे समय तक बना रहता है। दो चम्मच गेहूं चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बना कर इसे चेहरे पर लगा कर 20 मिनट बाद धोने से चेहरे की सुन्दरता निखर जाती है तथा चेहरा खिला खिला रहता है। अगर आप फाउंडेशन का प्रयोग करना चाहती है तो केवल जल आधरित फांउडेशन का ही प्रयोग करें तथा हल्के कवरेज के लिए एक या दो बूंद पानी प्रयोग में ला सकती है। फांउंडेंशन जितना भी सम्भव है आपकी त्वचा के रंग से मेल जोल खाती होनी चाहिए तथा उसके बाद पाऊडर का उपयोग करें। चेहरे पर प्रकृति आभा के लिए अच्छी तरह ब्लैड करके गालों को ब्लशर से चमकाए। आंखों की सुन्दरता के लिए अपनी पलकों को पेंसिल या काजल से चमकाऐं। आंखों पर कोमल प्रभाव के लिए पलकों पर भूरी या स्लेटी आई शैडों का प्रयोग करें तथा इसके बाद मस्कारा का प्रयोग करें जिससे आंखों पर चमक आ जाएगी तथा मेकअप में भारीपन की दिखावट भी नहीं होगी। मस्कारा को एक भारी मुलम्मे की बजाय दो हल्की तहों में करना चाहिए। पहला कोट करने के बाद इसे सूखने दें तथा इसे कंघी या ब्रश कर लें। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। लिपस्टिक की सुन्दरता के लिए घने गहरे रंगों का उपयोग न करें क्योंकि चमकीली लाईट में यह ज्यादा गहरे दिखाई देते हैं जिससे आपकी आभा पर विपरित

*इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं, इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है।*

असर दिखाई देता है। सौंदर्य पर चार चांद लगाने के लिए गुलाबी, ताम्रवर्णी, कांस्यवर्णी रंगों का प्रयोग करें। नारंगी रंग या नारंगी शेड का प्रयोग फैशन का नया प्रचलन है। विकल्प के तौर पर आप हल्के बैंगनी तथा गुलाबी रंगों का प्रयोग भी कर सकतीं है लेकिन यह सभी रंग अत्याध्कि चमकीले नहीं होने चाहिए।

बिन्दी करवा चौथ के सौन्दर्य का अभिन्न अंग मानी जाती है। अपनी पोशाक से मिलती जुलतें रंग की सजावटी बिन्दी का प्रयोग करें। छोटे चमकीले रत्नों से जडित बिन्दी काफी आर्कषक लगती है। अपने सौन्दर्य में इत्रा लगाना कभी न भूलें क्योंकि यह सोने पर सुहागें का काम करता है उचित जीवनशैली अपनाने से चहेरे पर चमक तथा उत्साह की झलक मिलती है। तेजस्वी आभा के लिए उचित पोषाहार, व्यायाम पर्याप्त नींद, तथा विश्राम अत्यन्त आवश्यक है। त्यौहार से पहले हल्का व्यायाम तथा पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। पैदल चलना शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य दोनों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित होता है। मन की शान्ति तथा स्वास्थ्य के लिए लम्बी गहरी सांसे सबसे ज्यादा लाभप्रद मानी जाती है। करवाचौथ के त्यौहार के दिन नई दुल्हनें तथा युवा महिलाएं दुल्हनों जैसी पोशाक पहनना पसन्द करती है जिससे उन्हें दुल्हन जैसा अहसास प्रदान होने का दुबारा अवसर मिलता है। आज के दौर में परम्पारिक लाल रंग के साथ-साथ गहरा गुलाबी रंग, हल्का गुलाबी रंग, हल्का नीला रंग, फिरोजी नीला रंग, हल्का बैंगनी रंग, स्ट्राबैरी, कांस्य, जामुनी रंग भी काफी आकर्षक तथा लोकप्रिय माने जाते है। युवा महिलाओं में दो रंगों का मिश्रण भी काफी लोकप्रिय माना जाता है।

ड्रैस के तौर पर लैहंगा चोली काफी लोकप्रिय हैं या महिलाएं घने अलंकृत कुर्ते के साथ सलवार-कुर्ते का प्रयोग भी कर सकती है। साड़ी के परम्पारिक तरीके से पहनने की बजाय इस तरीके से पहनना चाहिए ताकि सजावटी चोली तथा सघन आंचल की खूबसूरती साफ तौर पर झलकती रहे। सिली हुई साड़ियों का नया ट्रैंड चल पड़ा है जिसे आच्छादित नहीं करना पड़ता। करवाचौथ में विवाह की तरह विभिन्न आर्कषक पौशाकें पहनी जा सकती है। इस त्यौहार में जरदोजी, जाली क्रेप तथा पतली रेशमी कपड़े वाली पौशाकों को उपयोग में लाया जा सकता है। इस त्यौहार में हीरे सहित सफेद या रंगीन रत्नों से जडित आभूषण प्रयोग में लाए जाते हैं। परम्परा पौशाक में आभूषण भी परम्परागत आकर्षक दिखाई देने चाहिए।

## रूसी तेल खरीद पर बोले ट्रम्प के व्यापार सलाहकार

# भारत अपने फैसले खुद लेता है, हम निर्देश नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रम्प के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें।

न्यूयार्क के इकोनामिक क्लब द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान ग्रीर ने कहा कि भारत ने हमेशा इतना रूसी तेल नहीं खरीदा है। रूस के साथ उनके हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाने लगा है। जैमीसन ग्रीर ने कहा कि ऐसा नहीं है कि रूसी तेल भारतीय अर्थव्यवस्था का कोई आधार है। हमारा मानना है कि वे अपनी तेल खरीद में विविधता ला सकते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। सच कहूं तो, मैं पहले से ही देख सकता हूं कि उन्होंने अपनी तेल खरीद में विविधता लानी शुरू कर दी है। मुझे लगता है कि वे इसे समझते हैं।

ग्रीर ने आगे कहा कि जाहिर है कि वे (भारत) एक संप्रभु देश हैं। वे अपने फैसलों को नियंत्रित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि रूसी तेल खरीदकर चीन और भारत यूक्रेन युद्ध को फंड किया जा रहा है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के असर के बारे में पूछे जाने पर ग्रीर ने कहा कि भारत पर ए शुल्क कुछ हफ्तों से लागू हैं। जैमीसन ग्रीर ने कहा, श्भारत एक ऐसा देश है, जिससे हम 40 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान ज्यादा खरीदते हैं। इसलिए उनका अमेरिका के साथ पहले से ही एक बेहतरीन समझौता है। जितना हम उन्हें बेचते हैं, वे उससे कहीं ज्यादा बेचते हैं। ऐसे में भारत व्यवहारिक रुख अपना रहा है।श ग्रीर ने जोर देकर कहा कि ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि व्लादिमीर पुतिन पर जितना हो सके उतना दबाव पड़े। हमने अपने यूरोपीय सहयोगियों से भी बात की है, जिनमें से कुछ आज भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, जो कि एक अजीब बात है। इसलिए हम इस बारे में सिर्फ भारतीयों से ही बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमने चीनियों से भी बात की है। हमें बस इस युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, और अगर युद्ध समाप्त हो जाता है, तो स्थिरता आएगी, तो आप रूसी तेल के बारे में फिर से बातचीत कर सकते हैं।

## गूगल को झटका, सुप्रीम कोर्ट का पुराना आदेश बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पुराने उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसके तहत गूगल को अपने एंड्राइड एप स्टोर में बड़े बदलाव करने थे। इससे कंपनी को शीघ्र ही प्ले स्टोर में सुधार लागू करना होगा, जो अमेरिका में अधिकांश गैर-एपल स्मार्टफोन के लिए एंड्राइड एप्स का प्लेटफार्म है। आदेश का मकसद गूगल के प्ले स्टोर के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और उसे अवैध एकाधिकार से रोकना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब है कि गूगल को 22 अक्तूबर तक अपने प्ले स्टोर में उन एप्स के लिए बदलाव शुरू करना होगा जो उस एंड्राइड साफ्टवेयर पर चलते हैं। जज जेम्स डोनाटो ने कहा, गूगल द्वारा बनाई गई डिजिटल दीवारों ने कंपनी को अरबों का वार्षिक लाभ दिया। विशेषकर इन-एप लेनदेन पर 15-30 प्रतिशत शुल्क लेने की प्रणाली के जरिए गूगल ने अपने एकाधिकार का फायदा उठाया।

# हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी: पाक

**रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा: बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चौनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है।

मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं।

ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया ग पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुता. बिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81 प्रतिशत चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है।

## रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय छात्र का सरेंडर

**कीव।** रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 22 साल के एक भारतीय छात्र माजोती साहिल मोहम्मद हुसैन ने यूक्रेन के सामने सरेंडर कर दिया। माजोती गुजरात के मोरबी शहर का रहने वाला है। वो पढ़ाई करने रूस गया था।

कीव इंडिपेन्डेंट के मुता. बिक, यूक्रेन की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मंगलवार को वीडियो जारी कर बताया कि माजोती को ड्रग्स केस में 7 साल जेल हुई थी। जेल से बचने के लिए उसे रूसी सेना में शामिल होने का ऑफर मिला था। माजा. ेती ने वीडियो में कहा कि वह जेल नहीं जाना चाहता था, इसलिए उसने रूसी सेना का कान्ट्रैक्ट साइन कर लिया। उसे सिर्फ 16 दिन की ट्रेनिंग दी गई और 1 अक्टूबर को पहली बार युद्ध में भेजा गया। तीन दिन बाद अपने कमांडर से झगड़े के बाद उसने यूक्रेनी सेना के सामने सरेंडर कर दिया। छात्र ने बताया- मैंने हथियार डाल दिए और कहा कि मुझे लड़ना नहीं है, मुझे मदद चाहिए। उसने ए सभी बातें रूसी भाषा में कही। माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है।

# तालिबान के हमले में 11 पाक सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी।

इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें टीटीपी के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से टीटीपी ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक टीटीपी के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की। रायटर्स को भेजे गए एक बयान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उनके लड़ाकों ने काफिले को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि उन्हें कुर्रम में इंडियन प्राक्सी संगठन फितना अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन चलाया गया। पाकिस्तानी सेना टीटीपी को फितना अल-ख्वारिज बुलाती है। यह एक अरबी शब्द है। फितना का मतलब 'उपद्रवी' और अल-ख्वारिज का मतलब 'चरमपंथ के रास्ते पर चले जाने वाले लोग' होते हैं। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।

पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए।




